आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 253 | इंदौर, शनिवार 11 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 9 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## आज को पानी की सप्लाई नहीं होगी, पूरे शहर में जलप्रदाय प्रभावित

**उज्जैन।** शुक्रवार सुबह होने वाला जल प्रदाय नहीं किया जाएगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अनुसार, पूरे शहर में पानी की सप्लाई नहीं की जाएगी। उज्जैन नगर निगम द्वारा गंभीर नदी से आने वाली मुख्य राइजिंग मेन (गऊघाट) पर पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण और नर्मदा लाइन जोड़ने का कार्य जारी है। इसी के दूसरे चरण के सुधार कार्य के लिए शटडाउन लिया जा रहा है। इस कारण आज 10 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) को पूरे शहर में जलप्रदाय नहीं होगा।

## नींव छोड रहे मकान, मालिक तुडवा रहे

**उज्जैन।** लगातार तीसरे दिन ढाबा रोड चौडीकरण में मकान गिरने की बात सामने आ रही है। इस बीच मकान मालिक का कहना है कि भूतल के उपर दो मंजिला मकान को उन्होंने ही तुडवाया है। मकान नीव से कमजोर हो गया था। गर्डर फर्शी का था और पास के मकान की दिवार का सपोर्ट भी हट गया था ऐसे में उसे गिरवाया गया है।

ढाबा रोड चौडीकरण में सोमवार देर शाम को जी प्लस 3 के दो मकान धराशाई हो गए थे। रात में ही नगर निगम के अमले ने पहुंचकर मलबा हटवाया था। नगर निगम के अधिकारियों ने दावा किया था कि उन्होंने ही मकानों को गिराया है। मंगलवार को भी नगर निगम की कार्रवाई जारी रही थी उस दौरान भी कमजोर हो चुके दो मकान गिराने का दावा किया गया था। निरंतर बुधवार को भी मकान गिराया गया है। गेबी साहब की गली वाली पट्टी में राज मेडिकल स्टोर्स की फर्म जिस मकान में संचालित होती थी उसी मकान को धराशाई मकान मालिक ने करवाने की बात कही है। मकान मालिक अनिक मेहता के अनुसार मकान पूरी तरह से कमजोर हो गया था। जी प्लस 2 मंजिल के मकान में पिछले दो दिनों से काम जारी थी। यह मकान गर्डर फर्शी का बना हुआ था एवं चद्दर भी लगे थे। कमजोर स्थिति को देखते हुए बुधवार अपरांह में मकान को गिराया गया है। उसका मटेरियल भी उठवाया गया है। पूरे सुरक्षित तरीके से इसे अंजाम दिलवाया गया।

## बदला मौसम का मिजाज, कई जिलों में बारिश-ओले

**उज्जैन।** प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट लेते हुए गर्मी पर ब्रेक लगा दिया है। प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए रहने, तेज हवाएं चलने और बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है और मौसम सुहावना हो गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, श्योपुर समेत कई जिलों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। श्योपुर में सबसे ज्यादा करीब 12 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि ग्वालियर और दतिया में भी अच्छी बारिश हुई, जिससे फसलों और जनजीवन पर असर पड़ा।

**तापमान में 4-6 डिग्री तक गिरावटः** राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित कई शहरों में दिन का तापमान सामान्य से 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक नीचे दर्ज किया गया। वहीं रात के तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जिससे मौसम में ठंडक बढ़ गई है।

**पूर्वी मध्य प्रदेश में भी असरः** जबलपुर, सागर, रीवा, सतना और आसपास के क्षेत्रों में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। यहां हल्की से मध्यम बारिश के साथ तेज हवाएं चलीं, जिससे पूरे इलाके में मौसम सुहावना बना रहा। कई जिलों में नमी का स्तर बढ़ने और तेज हवाओं के चलते दिनभर बादल छाए रहे। सुबह और शाम के समय ठंडी हवाओं ने लोगों को गर्मी से काफी राहत दी। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में सक्रिय सिस्टम के चलते अगले कुछ दिनों तक आंधी, बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रहने की संभावना है। कुछ इलाकों में फिर से ओलावृष्टि भी हो सकती है।

## ट्रैंडिंग




### राहगीरों को होना पड रहा समस्या और परेशानी से दो-चार, एक ही क्षेत्र में बार-बार सिवरेज लाईन की खुदाई से बढी परेशानी


# अनियोजित काम से परेशान आम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिवरेज की पाईप लाईन डालने वाली टाटा कंपनी के अनियोजित काम से शहर में बराबर परेशानी का दौर बना हुआ है। छः माह पूर्व जिन क्षेत्रों में कंपनी ने खुदाई कर पाईप लाईन डाली थी एक बार फिर से उन्ही क्षेत्रों में खुदाई का काम किया जा रहा है। इससे राहगिरों को समस्या एवं परेशानी से दो-चार होना पड रहा है। अनियोजित काम से आम परेशान हो रहा है।मामला है प्रेमछाया से भाट गली चौराहा का।

नए शहर से पुराने शहर को जाने वाले चामुंडा माता से प्रेमछाया एवं भाटगली होते हुए लाल मस्जिद मार्ग वर्तमान में अहम हो गया है। आवागमन के लिए यह मार्ग वर्तमान में काफी प्रचलित है। इसके पीछे कारण यह है कि कोयला फाटक एवं फाजलपुरा मार्ग पर चौडीकरण का काम जारी है। इसके चलते इस मार्ग पर जमकर आवागमन की स्थिति रहती है।







### छः माह में दुसरी बार खुदाई

छः माह पूर्व ही टाटा कंपनी ने प्रेमछाया से लेकर भाट गली तक अपनी सिवरेज लाईन डालने के लिए खुदाई की थी। उसके बाद पाईप डालकर चेंबर बनाकर गड्डे बंद कर दिए गए थे। हाल ही में एक बार फिर से इस क्षेत्र में खुदाई कर दी और खास यह है कि मेन लाईन के लिए भी सडक खोद दी गई है। इस क्षेत्र में घरों के कनेक्शन के लिए भी खुदाई की गई है। यह समझ से परे है कि मेन लाईन डालने के बाद एक बार फिर से इस क्षेत्र में खुदाई क्यों की गई।

### अनियोजित काम, गति भी धीमी

आवागमन के लिए कोयला फाटक एवं फाजलपुरा मार्ग पूर्व से ही चौडीकरण के चलते अवरूद्ध हैं। ऐसे में प्रेम छाया मार्ग पर आवागमन बढा हुआ है। इसके बावजूद इस मार्ग पर सिवरेज लाईन डालने की अनुमति दी गई और वह भी छः माह में दुसरी बार इससे ही अनियोजित काम की स्थिति स्पष्ट हो रही है। इसके साथ ही काम की गति भी धीमी होने से पिछले एक सप्ताह बाद भी सडक को सामान्य नहीं किया गया है। वर्तमान में सडक के बीच में खुदाई का आलम है और दोनों और वाहन चालक परेशानी उठाते हुए आवागमन कर रहे हैं। पिछले आठ दिन से अब फिर किसी काम को लेकर इसे खोद कर छोड़ दिया न कोई पाइप लाइन डाली जा रहा है न ही सडक को ठीक किया जा रहा है। दिन भर लोग वहां पड़े सडक के मलबे में उलझकर वाहनों से दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। खास तो यह है कि इन हालातों में भी शेष बचे मार्ग पर चौपहिया वाहनों की पार्किंग की जा रही है।

### आवागमन में बाधा,परेशान वाहन चालक

नए शहर से पुराने शहर में जाने के लिए देवासगेट मालीपुरा एवं रेलवे स्टेशन मार्ग पर हेवी यातायात की स्थिति दिन भर बनी रहती है। इसकी अपेक्षा चामुंडा माता से प्रेमछाया होते हुए भाटगली-लाल मस्जिद चौराहा का रास्ता आवागमन के लिए सुलभ रहता है। इस मार्ग पर एक बार फिर से खुदाई होने से आवागमन करने वाले वाहन चालकों के लिए परेशानी खडी हो गई है।

### चौडीकरण का मतलब ही नहीं निकला

प्रेमछाया झभाटगली चौडीकरण नगर निगम ने किया था। इस मार्ग को लाल मस्जिद चौराहा तक मिलाया गया। इस मार्ग पर वर्तमान हाल में दिन भर वाहनों की पार्किंग जैसी स्थिति बनी रहती है। इससे मार्ग के चौडीकरण का मंतव्य ही सफल होता नहीं दिख रहा है। आवागमन की स्थिति में यहां पूर्व में गली जैसे ही हाल बने हुए हैं।

### महाकाल ब्रिज निर्माण कार्यों में तेजी के चलते व्यापारी परेशान

## आंदोलन की चेतावनी; प्रशासन ने 4 दिन का समय मांगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में महाकाल ब्रिज निर्माण के कारण साप्ताहिक हाट बाजार को हटाए जाने का विवाद बढ़ता जा रहा है। 8 दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों ने वैकल्पिक स्थान न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रशासन ने इस समस्या का समाधान 4 दिनों में निकालने का आश्वासन दिया है।

### सिंहस्थ 2028 तैयारियों में महाकाल ब्रिज निर्माण कार्य में तेजी

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत उज्जैन में महाकाल ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस ब्रिज के नीचे वर्षों से लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार को हटाने की प्रक्रिया शुरू होते ही व्यापारियों ने विरोध जताना शुरू कर दिया था।

गुरुवार को व्यापारियों ने एकजुट होकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अपनी मांग दोहराई कि उन्हें विकास कार्यों से आपत्ति नहीं है, लेकिन बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के हाट बाजार हटाना उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा कर देगा।

हाट यूनियन से जुड़े व्यापारी राजू ने बताया कि सोमवार को कमिश्नर और असिस्टेंट कमिश्नर के साथ हुई बैठक में होटल इम्पीरियल के पीछे स्थित स्मार्ट पार्किंग में हाट लगाने का प्रस्ताव रखा गया था। व्यापारी इस स्थान पर सहमत भी थे, लेकिन अब अधिकारी बार-बार उस जगह से इनकार कर रहे हैं।

### व्यापारियों की पहली पसंद उनका पुराना स्थान

व्यापारियों की पहली पसंद उनका पुराना स्थान है, जहां वे वर्षों से हाट लगाते आ रहे हैं। यदि वहां संभव नहीं है, तो वे होटल इम्पीरियल के पास पार्किंग स्थल को व्यवस्थित कर उन्हें दिए जाने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि यह जगह उनके लिए उपयुक्त और सुनियोजित है।

### तहसीलदार ने 4 दिन में मामले की स्थिति स्पष्ट करने का आश्वासन दिया

इस बीच, तहसीलदार शेफाली जैन ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कलेक्टर और कमिश्नर के साथ चर्चा के बाद अगले 4 दिनों में इस मामले पर स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी। व्यापारियों ने यह भी बताया कि प्रशासन के सहयोग में उन्होंने गुरुवार को हाट नहीं लगाया, जिसके कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

## रेलवे स्टेशन पर माताओं के लिये किया वात्सल्य केंद्र का लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



रेलवे पुलिस यात्रियों की सुरक्षा के साथ सुविधाओं को लेकर भी लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उज्जैन रेलवे स्टेशन पर माताओं के लिये वात्सल्य केंद्र के साथ निःशुल्क सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन का लोकार्पण किया गया।

बाबा महाकाल की नगरी में वर्ष 2028 के दौरान आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के रेलवे लाइन के साथ सुविधा के कामों को पूरा किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय रेलवे पुलिस इंदौर द्वारा भी उज्जैन रेलवे स्टेशन पर महिला, बच्चों और युवतियों के लिये सुविधा के प्रयास किये जा रहे है। रेलवे स्टेशन ममता संग सम्मान के अंतर्गत वात्सल्य केन्द्र और निःशुल्क सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन का लोकार्पण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिति के रूप में रेलवे पुलिस अधीक्षक बड़वानी पद्म विलोचन शुक्ल के साथ विशिष्ट अतिथि उज्जैन नगर निगम उपायुक्त संतोष टैगोर के साथ स्टेशन अधीक्षक संजय सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमंत चौहान, उपपुलिस अधीक्षक रेल इंदौर ज्योति शर्मा मौजूद रही। अतिथियों ने कहा कि वात्सल्य केंद्र माताओं को एक सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक स्थान प्रदान करेगा। वह यात्रा के दौरान अपने शिशुओं को सहजता से दुग्धपान करा सकेंगी। निःशुल्क सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन किशोरियों एवं महिलाओं को स्वच्छता एवं सम्मान के साथ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। सिंहस्थ 2028 में यह प्रयास महिलाओं, माताओं और किशोरियों के लिये काफी उपयोगी सिद्ध होगा। मुख्य अतिथि पद्म विलोचन शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुलिस का दायित्व केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के सम्मान एवं सुविधा का ध्यान रखना भी है। ममता संग सम्मान जैसी पहल संवेदनशील पुलिसिंग का सशक्त उदाहरण हैं। रेलवे पुलिस इससे पहले उज्जैन स्टेशन पर पटरी की पाठशाला और भरोसे की सवारी जैसी योजनाओं की शुरूआत कर चुकी है।

## महाकाल भस्म आरती में भावुक हुई अभिनेत्री उल्का गुप्ता, बोलीं- ये अनुभव शब्दों से परे, व्यवस्थाओं को सराहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन स्थित ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रसिद्ध टीवी और फिल्म अभिनेत्री उल्का गुप्ता ने प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल होकर दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए इसे जीवन का अविस्मरणीय पल बताया। अभिनेत्री उल्का गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ह्वमैं आप सभी की उल्का गुप्ता, आपकी झांसी की रानी और केरल स्टोरी टू की सुरेखा नायक हूं। अभी-अभी महाकाल धाम में बाबा महाकाल के दर्शन कर आई हूं।



उन्होंने कहा कि भस्म आरती का अनुभव शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। ह्वअंदर का माहौल ऐसा था कि पता ही नहीं चला दो घंटे कैसे बीत गए। मैं बहुत करीब से बाबा महाकाल को देख सकी, शिवलिंग का श्रृंगार होते हुए देखा और जल अर्पित होते हुए भी देखा। यह कोई सामान्य अनुभव नहीं है।ह्व उन्होंने कहा कि हर शिव भक्त को इस अनुभव को जरूर महसूस करना चाहिए और महाकाल धाम आना चाहिए।

उल्का गुप्ता ने बताया कि भस्म आरती के दौरान उनके अंदर एक अलग ही ऊर्जा थी, जिसे शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल है। उन्होंने कहा, ह्वइस दौरान मुझे रोना भी आया और मेरे रोंगटे भी खड़े हो गए। जिस तरह की प्रचंड आरती और तालियों की गूंज थी, वह बहुत ही अद्भुत और आश्चर्यचकित करने वाला अनुभव था।ह्व उन्होंने सभी शिव भक्तों से अपील की कि वे भी महाकाल धाम आकर इस दिव्य अनुभव का हिस्सा बनें।

## श्री महाकालेश्वर दर्शनार्थी सेवा फाउंडेशन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद वितरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर दर्शनार्थी सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष संतोष चौहान ने बताया उज्जैन की प्रसिद्ध 118 किलोमीटर लंबी पंचकोशी पदयात्रा 12 अप्रैल से 16 अप्रैल तक शुरू की जाएगी। 12 अप्रैल से शुरे होने वाली यह पंच दिवसीय पंचकोशी पदयात्रा श्रद्धालुओं द्वारा पवित्र पड़ावों पर बाबा महाकाल के प्रसिद्ध स्वरूपों के दर्शन और चार शिवलिंगों की परिक्रमा के साथ संपन्न होती है। हजारों श्रद्धालु शिप्रा तट से यात्रा शुरू करते हैं और नगर के चारों कोनो में स्थित भगवान शिव पड़ावों पिंगलेश्वर, कायावरोहणेश्वर, बिल्वकेश्वर, दुर्देश्वर और ककोर्टेश्वर की यात्रा करते हैं।

यात्रा के दौरान श्री महाकालेश्वर दर्शनार्थी सेवा फाउंडेशन द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी एवं मार्गदर्शक नारायण यादव दादा के मार्गदर्शन में ग्राम छायन एमपीईबी ग्रिड के पास कायावरोहणेश्वर, पंचकोशी मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, टेंट, स्वास्थ्य, प्रसादी वितरण सेवाओं के इंतजाम किए गए हैं।

### इंदौर कोचिंग डिपो की मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री से ट्रेनों में गुणवत्तापूर्ण लिनेन की आपूर्ति सुनिश्चित

## प्रतिदिन 12 हजार बेडशीट, 6-6 हजार पिलो कवर व फेस टॉवेल की धुलाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/ रतलाम

यात्रियों की यात्रा को सुखद, सुविधाजनक और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में एसी कोचों में यात्रियों को स्वच्छ एवं उच्च गुणवत्ता वाला बेडिंग मटेरियल उपलब्ध कराया जा रहा है।

रेलवे द्वारा प्रत्येक एसी यात्री को दो बेडशीट, एक पिलो कवर, एक फेस टॉवेल एवं एक कंबल प्रदान किया जाता है। इन लिनेन की साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जाता है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार रतलाम मंडल के इंदौर स्थित कोचिंग डिपो में आधुनिक मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें 3-3 वॉशर, ड्रायर, आयरनर एवं बॉयलर लगाए गए हैं। इस लॉन्ड्री के माध्यम से प्रतिदिन औसतन लगभग 4 ट्रेनों के करीब 40 एसी कोचों के लिए लिनेन की आपूर्ति की जाती है।

इंदौर की इस मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री में प्रतिदिन लगभग 12,000 बेडशीट, 6,000 पिलो कवर, 6,000 फेस टॉवेल एवं 200 से अधिक कंबलों की धुलाई कर ट्रेनों में उपलब्ध कराया जाता है। बेडशीट, पिलो कवर और फेस टॉवेल को प्रत्येक उपयोग के बाद



साफ किया जाता है, जबकि कंबलों की धुलाई प्रत्येक 15 दिन में सुनिश्चित की जाती है। साथ ही, लिनेन को नेफथलीन और गर्म हवा के माध्यम से स्टरलाइज भी किया जाता है। इंदौर मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री द्वारा प्रतिदिन लगभग 6 हजार पैकेट्स लिनेन ट्रेनों में उपलब्ध कराई जाती है।

इसके अतिरिक्त रतलाम मंडल की अन्य ट्रेनों में बेडरोल एवं कंबलों की धुलाई और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह कार्य आउटसोर्स किया गया है। आउटसोर्स एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराए गए लिनेन की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु पर्यवेक्षकों द्वारा नियमित निरीक्षण भी किया जाता है।

आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* म. ज्योतिराव फुले जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 253 | इंदौर, शनिवार 11 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 9 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

देश विदेश

## सांप पर भरोसा करना, बीजेपी पर नहीं : सीएम ममता बनर्जी

**कोलकाता।** गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के देबरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, ममता बनर्जी बंगाल के लोगों की चिंता नहीं करती हैं। उन्हें बस भतीजे अभिषेक बनर्जी को अगला सीएम बनाने में दिलचस्पी है। भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी का घोषणा पत्र यानी 'भरोसे का पत्र' जारी किया। इसमें महिलाओं को 3 हजार महीना, युवा बेरोजगारों को 3 हजार महीने की मदद, पहले 6 महीने में यूसीसी लागू करना और सरकारी कर्मचारियों को 45 दिन में सातवां वेतनमान देने की घोषणा की गई। इधर, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने नॉर्थ 24 परगना के टेंटुलिया में चुनावी रैली की। उन्होंने यहां कहा- सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है, लेकिन बीजेपी पर नहीं।

## हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा ने अंतत: दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति को भेज दिया है। हाल ही में जस्टिस वर्मा अपने आवास पर कथित तौर पर भारी मात्रा में संदिग्ध नकदी मिलने के कारण विवादों और जांच के घेरे में थे। इसी विवाद और शिकायतों के चलते उन्हें दिल्ली दिल्ली हाई कोर्ट से ट्रांसफर कर वापस उनके मूल कैडर इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजा गया था। उन्होंने 5 अप्रैल, 2025 को दोबारा शपथ ग्रहण की थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों और निरंतर चल रही जांच के दबाव के कारण आखिरकार उन्होंने पद त्यागने का फैसला लिया, उनके इस अचानक इस्तीफे ने कानूनी गलियारों में हलचल पैदा कर दी है।

## अल्लू अर्जुन की तारीफ पर शाहरुख खान ट्रोल



एसआरके ने फिल्म राका के फर्स्टलुक को शानदार बताया; लोग बोले- धुरंधर 2 पर चुप क्यों

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान ने साउथ स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म राका के फर्स्टलुक की तारीफ की है। कल अल्लू अर्जुन ने अपने 44वें जन्मदिन पर फिल्म का पोस्टर जारी किया था। शाहरुख खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हैप्पी बर्थडे अल्लू अर्जुन। 'राका' का पोस्टर आपकी तरह ही शानदार और दिलचस्प है। मैं इस प्रोजेक्ट को देखने के लिए बेसब्र हूं। एटली के शब्दों में कहूं तो यह एक्सपीरियंस मास मास मास... कहलाएगा। ऑल द बेस्ट एटली। वहीं दूसरी तरफ 'धुरंधर 2' के फैंस शाहरुख के इस पोस्ट के बाद नाराज हो गए हैं। फैंस का कहना है कि शाहरुख ने ग्लोबल लेवल पर रिकॉर्ड तोड़ रही 'धुरंधर 2' पर अब तक चुप्पी क्यों साधी हुई है। वहीं अल्लू अर्जुन ने शाहरुख के पोस्ट का जवाब दिया। उन्होंने शाहरुख को शुक्रिया कहते हुए उम्मीद जताई कि वे इस प्रोजेक्ट से सबका दिल जीतेंगे। शाहरुख और अल्लू की इस बॉन्डिंग के बीच 'धुरंधर 2' के फैंस ने शाहरुख खान को ट्रोल करना शुरू कर दिया है। दरअसल, रणवीर सिंह और आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' ने दुनियाभर में 1600 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है, लेकिन शाहरुख ने इस पर कोई पोस्ट नहीं किया है। एक यूजर ने लिखा, आपको धुरंधर पर भी कुछ कहना चाहिए था, वह भी इंडियन मूवी है। वहीं कुछ यूजर्स ने उन्हें 'इनसिक्योर' बताते हुए कहा कि उन्हें बॉलीवुड की फिल्मों को भी सपोर्ट करना चाहिए। पोस्टर की बात करें तो अल्लू अर्जुन इसमें बिल्कुल बदले हुए दिख रहे हैं। प्रोस्थेटिक मेकअप की मदद से उन्हें काफी उम्रदराज दिखाया गया है। उनकी आंखों में गहरा काजल है और ऊनी कपड़ों से एक बड़ा पंजा बाहर निकलता दिख रहा है। पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा है, खुद को एक ऐसी सोच के लिए तैयार करें जो सीमाओं से परे है। इस लुक को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिल्म में एक्टर का किरदार काफी डार्क और रहस्यमयी होने वाला है।

## हरिवंश राज्यसभा के मनोनीत सांसद बने, कार्यकाल 2032 तक रहेगा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के पूर्व उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह मनोनीत सांसद बने। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने अपने कक्ष में शपथ दिलाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया था। हरिवंश का पिछला कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म हो गया था। उनकी पार्टी जेडीयू ने इस बार नाम नहीं दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति ने उनका मनोनयन किया। पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई के रिटायर होने के बाद सीट खाली हुई थी। इसे भरने के लिए जेडीयू के हरिवंश को चुना गया। 69 साल के हरिवंश 2032 तक राज्यसभा में रहेंगे। राज्यसभा में 12 सदस्य मनोनीत होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति तय करते हैं। इन्हें कला, साहित्य, विज्ञान और समाज सेवा में विशेष योगदान के आधार पर चुना जाता है।

## स्पाइसजेट में सीनियर अफसरों को जनवरी से सैलरी नहीं मिली

**नई दिल्ली।** देश की प्राइवेट एयरलाइन स्पाइसजेट गंभीर संकट से गुजर रही है। परिचालन क्षमता घटने पर कंपनी ने 20% स्टाफ कम करने का फैसला किया है, जिसमें 500 से ज्यादा कर्मचारियों को बिना वेतन अस्थायी अवकाश पर भेजा जा सकता है। एयरलाइन के पास 6,800 कर्मचारी हैं। अपने केवल 13 विमान बचे हैं, जिनमें 10 बोइंग और 3 क्यू400 शामिल हैं। इसके अलावा 14 विमान वेट-लीज (क्रू सहित) पर चल रहे हैं। सीनियर अफसरों को जनवरी से वेतन नहीं मिला है और अन्य कर्मचारियों की सैलरी 2-3 महीने देरी से मिल रही है। कंपनी पर जीएसटी, टीडीएस और पीएफ का 100 करोड़ से अधिक बकाया है। टीडीएस अप्रैल 2025 से व जीएसटी 5 महीनों से जमा नहीं हुआ है।

# यमुना में पुल से टकराकर पलटी नाव, पंजाब के 10 श्रद्धालुओं की मौत

## पुलिस की टीम ने गोताखोरों की मदद से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दु:ख जताया

एजेंसी ▶▶ मथुरा



वृंदावन और मान के बीच यमुना नदी में शुक्रवार को एक नाव पांटून पुल से टकरा गई। इस दुर्घटना में कई लोग यमुना में डूब गए। यह घटना केसी घाट के पास हुई। पुल वृंदावन और मान के बीच बना हुआ है।

उत्तर प्रदेश के वृंदावन में शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। केसी घाट पर श्रद्धालुओं से भरी एक नाव पंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई। पुलिस और स्थानीय प्रशासन मिलकर बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया। गोताखोर यमुना के गहरे पानी में डूबे हुए लोगों की तलाश में जुटे हैं।

इस दुर्घटना में नाव सवार करीब 25 से 30 श्रद्धालु यमुना के पानी में डूब गए। पुलिस की टीम ने गोताखोरों की मदद से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इनमें से एक श्रद्धालु को संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दुखद रूप से, इस हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने इसकी पुष्टि की है। वहीं बाकियों की तलाश जारी है।

### बचाव कार्य और स्थिति

सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने बिना देर किए बचाव अभियान शुरू कर दिया। दुर्घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है, जिससे बचाव कार्य में थोड़ी बाधा आ रही है। प्रशासन ने लोगों से शांत रहने और बचाव दल का सहयोग करने की अपील की है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### पंजाब से आया था दल

जांच में यह बात भी सामने आ रही है कि 150 लोगों का दल लुधियाना, पंजाब और मुक्तेश्वर से आया है और ये सभी उनमें ही शामिल थे। बताया गया है जिस नाव में लोग सवार थे वो भी पलट कर डूब गई और उसकी भी तलाश जारी है। जिसकी यह नाव है वह प्राइवेट नाविक था।

### घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश

हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुःख जताते हुए एक्स पर लिखा, जनपद मथुरा में नाव पलटने से हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव व राहत कार्य संचालित करने और घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

किसानों की मांगों को लेकर किया प्रदर्शन नेताओं पर भारी पड़ा, कलेक्ट्रेट में बवाल पर

## 12 कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

जिले में किसानों की मांगों को लेकर किया गया कांग्रेस का प्रदर्शन अब नेताओं पर भारी पड़ गया है। कलेक्ट्रेट परिसर में हुए हंगामे के बाद पुलिस ने पूर्व विधायक कुणाल चौधरी और जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह समेत करीब 12 नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

9 अप्रैल गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट के बाहर धरना-प्रदर्शन किया गया। दोपहर करीब 2 बजे प्रदर्शन अचानक उग्र हो गया। आरोप है कि नेताओं के उकसावे पर 150-200 कार्यकर्ता गेट नंबर 2 का ताला तोड़कर अंदर घुस गए कुछ प्रदर्शनकारी दीवार फांदकर परिसर में पहुंचे।



### पुलिस से झड़प, बैरिकेडिंग तोड़ी

भीड़ को रोकने की कोशिश में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प हुई। इस दौरान पुलिस के साथ धक्का-मुक्की हुई सुरक्षा बैरिकेड्स तोड़ दिए गए कलेक्ट्रेट के अंदर घुसने का प्रयास किया गया मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बावजूद स्थिति काफी देर तक तनावपूर्ण बनी रही।

प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच जारी है और वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य लोगों की पहचान भी की जा रही है। वहीं, कांग्रेस इस कार्रवाई को राजनीतिक दबाव बता सकती है—जिससे आने वाले दिनों में मामला और गरमा सकता है।

## दो कारों में सीधी टक्कर से 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ कांकेर

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में गुरूवार की देर रात भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। नेशनल हाईवे-30 पर दो कारों की आमने-सामने टक्कर से हादसा हुआ। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार परिवार कांकेर के उड़कुडा का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि सभी चीवरांज में शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव उड़कुडा लौट रहे थे, तभी नाथिया नवागांव के पास उनकी कार दूसरी कार से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार एक ही परिवार के 3 महिला, 2 पुरुष और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

## अब तक पाकिस्तान नहीं पहुंचा ईरानी डेलिगेशन

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव



अमेरिका के साथ होने वाली सीजफायर बातचीत के लिए ईरानी डेलिगेशन अब तक पाकिस्तान नहीं पहुंचा है। शनिवार को इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच अहम बैठक प्रस्तावित है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान लेबनान में जारी इजराइली हमलों से नाराज है और इसी वजह से उसने बातचीत को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अभी तक उसकी ओर से बैठक में शामिल होने को लेकर साफ संकेत नहीं मिले हैं। इससे पहले खबर आई थी कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है, लेकिन ईरानी मीडिया ने इन दावों को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि 8 अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी थी। उसी के तहत इस्लामाबाद में यह बातचीत तय हुई है। अमेरिका का कहना है कि ईरान में कोई संवर्धन नहीं होगा। ईरान को अपना सारा हाई-लेवल इनरिच्ड यूरेनियम बाहर करना होगा और न्यूक्लियर फैसिलिटीज बंद या सीमित करनी होंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से एक विशेष टीम भेजी जा रही है। इस टीम का नेतृत्व खुद जेडी वेंस करेंगे।

## 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों धरी गई उपयंत्री

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए लोकायुक्त संगठन इंदौर की टीम ने शुक्रवार को बड़ी ट्रैप कार्रवाई करते हुए एक उपयंत्री को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। कार्रवाई डॉ. अंबेडकर नगर (महू) जनपद पंचायत क्षेत्र में की गई, जिससे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत यशवंत नगर के सचिव रमेशचंद्र चौहान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सीसी रोड निर्माण कार्य के भुगतान से जुड़े दस्तावेजों में मूल्यांकन दर्ज करने के एवज में उपयंत्री सावित्री मुवेल उनसे 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग रही थीं। यह कार्य 15वें वित्त आयोग मद से लगभग 4.52 लाख रुपए की लागत से कराया गया था।

## 200 फीट गहरे बोरवेल में गिरने से मासूम की मौत

### मां के सामने बोरवेल में गिरा था, एनडीआरएफ-एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

उज्जैन जिले के बड़नगर में 2 साल के भागीरथ देवासी की 200 फीट गहरे बोरवेल में फंसने से मौत हो गई। करीब 22 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद एसडीआरएफ-एनडीआरएफ की टीम ने लोहे की छड़, रस्सी और बोरवेल की मोटर निकालने वाली मशीन की मदद से शव को बाहर निकाला।

एसपी प्रदीप मिश्रा ने बताया- झालरिया गांव से बच्चे के शव को बड़नगर के सरकारी अस्पताल भेजा



गया है। हमारी टीम भी वहीं जा रही है। घटना में जिसकी लापरवाही सामने आएगी, जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसपी ने रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद करने वालों का आभार व्यक्त किया।

### रास्थान से भेड़ चराने आया था परिवार

भागीरथ पिता पूसाराम देवासी, राजस्थान के पाली जिले का रहने वाला है। परिवार इलाके में भेड़ चराने के लिए आया था। परिजन के मुताबिक, बच्चा दीवार के पास खेल रहा था। उसने पत्थर से बोरवेल का ढक्कन हटाया और बाल्टी समझकर पैर डाल दिया, जिससे वह सीधे अंदर गिर गया। मां ने उसे गिरते देखा और बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह गहराई में जा चुका था।

## यूपी की एसआईआर फाइनल लिस्ट में 2.04 करोड़ नाम कटे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की फाइनल लिस्ट जारी कर दी। यूपी में वोटर्स की संख्या 13% घटकर 13.39 करोड़ हो गई है। फाइनल लिस्ट में 2.04 करोड़ नाम कटे हैं। एसआईआर से पहले अक्टूबर 2025 में यूपी में कुल 15.44 करोड़ वोटर्स थे। पहली ड्राफ्ट लिस्ट जारी होने के बाद यह आंकड़ा 12.55 करोड़ हो गया था। इसमें 2.89 करोड़ लोगों के नाम कटे थे। पहले ड्राफ्ट लिस्ट से जो नाम कटे थे, उसमें 84 लाख नामों को फाइनल लिस्ट में जोड़ा गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया- लखनऊ में सबसे ज्यादा 9.14 लाख मतदाता कम हुए हैं।

## नासिक की आईटी कंपनी में लड़कियों से यौन शोषण कर धर्मांतरण का दबाव बनाया

### 6 मुस्लिम टीम लीडर सहित एचआर मैनेजर अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नासिक

नासिक की मल्टीनेशनल आईटी कंपनी में हिंदू महिला कर्मचारियों का यौन शोषण और ऑफिस में जबरन नमाज पढ़ने, हिंदू देवी-देवताओं का अपमान और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में कंपनी के मुस्लिम टीम लीडर्स और एचआर मैनेजर सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कंपनी कैंपस में घुसकर हंगामा किया। महाराष्ट्र सरकार ने जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया है।

महिला कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले चार साल के दौरान एचआर मैनेजर से शिकायत की गई, लेकिन हर बार नजरअंदाज कर दिया गया। मामला तब सामने आया, जब कुछ महिला कर्मचारियों के पहनावे में बदलाव देखा गया। उन्होंने रमजान में रोजा रखा। अपनी पुरानी आदतें और परंपराएं छोड़ दीं। अपनी जीवनशैली बदल ली और सहेलियों से भी दूरी बना ली। लिपस्टिक लगाना बंद कर दिया। उसका व्यवहार भी बदल गया। शुरू में पीड़ित लड़कियां डर और समाज के दबाव के कारण चुप थीं, लेकिन बाद में 9 लड़कियों और एक युवक ने पुलिस में शिकायत की, तब यह मामला सामने आया।

चंबल अभयारण्य में अवैध रेत खनन और बढ़ रही हिंसा पर सख्ती

## अब सुप्रीम कोर्ट सुनेगा वनरक्षक की हत्या का केस, सुनवाई 13 को

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मुरैना

मुरैना में चंबल अभयारण्य में अवैध रेत खनन और इससे बढ़ रही हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। जस्टिस विक्रम नाथ व जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने वनरक्षक हरिकेश गुर्जर की ड्यूटी के दौरान ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने इस केस में 13 अप्रैल को सुनवाई तय की है।

सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को चंबल सेंचुरी में अवैध रेत खनन से जुड़े मामले में एमिकस क्यूरी



(न्याय मित्र) रूपाली सैमुअल ने फॉरेस्ट गार्ड की हत्या का मामला उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट का ध्यान आकर्षित किया। शीर्ष कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित सुनवाई तय कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि वह अवैध खनन को रोकने के लिए व्यापक और कड़े निर्देश जारी करेगा।

### 1.63 करोड़ की अवैध रेत नष्ट

मुरैना में वन आरक्षक को ट्रैक्टर से कुचलने की घटना के अगले दिन प्रशासन हरकत में आया। 1.63 करोड़ रु. की 8195 ट्रॉली अवैध रेत नष्ट कराई गई। संयुक्त टीम की दबिश से रेत माफिया भूमिगत हो गया। मुरैना शहर के बैरियर चौराहे पर लगने वाली अवैध रेत मंडी गुरुवार को पूरी तरह सूनी रही। शहीद का दर्जा देने की पहल... वन आरक्षक हरिकेश गुर्जर को शहीद का दर्जा दिलाने के लिए वन विभाग ने प्रशासन को पत्र लिखा है।

### भाजपा पदाधिकारियों को भी बनाया आरोपी

अंबाह पुलिस ने ट्रैक्टर चालक विनोद कोरी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। वहीं वन विभाग ने अवैध रेत परिवहन के प्रकरण में ट्रैक्टर संचालक और भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पवन तोमर और युवा मोर्चा के मंडल मंत्री सोनू चौहान को भी इस मामले में आरोपी बनाया है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर 38 करोड़ का 29.37 किलो सोना जब्त

## 24 केन्याई महिलाओं को किया गिरफ्तार, 25.10 किलो सोने की सिल्लियां और 4.27 किलो जेवर शामिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई एयरपोर्ट पर बुधवार को 29.37 किलो सोने के साथ 24 केन्याई महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने इनसे 37.74 करोड़ का सोना जब्त किया है। महिलाएं सोना कपड़ों और बैग में छिपाकर ला रही थीं। डीआरआई को इनपुट मिला था कि केन्या के नैरोबी से आने वाली कुछ महिला यात्री सोना लेकर मुंबई पहुंचेंगी। इसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर धहाबू ब्लिट्ज ऑपरेशन चलाकर संदिग्ध यात्रियों को रोका गया। जांच में महिलाओं के पास से 29.37 किलो सोना बरामद हुआ। इसमें 25.10 किलो सोने की सिल्लियां और 4.27 किलो जेवर शामिल हैं।




### कन्नड़ एक्ट्रेस सोना तस्करी में पकड़ी गई थीं



- डीआरआई ने पिछले साल 3 मार्च को कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को बेंगलुरु एयरपोर्ट पर 14.2 किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया था। रान्या इसे अपने बेल्ट में छिपाकर ला रही थी। उन पर गोल्ड स्मगलिंग का केस दर्ज किया गया है।
- डीआरआई अधिकारियों के मुताबिक, रान्या राव दुबई से एमिरेट्स फ्लाइट के जरिए भारत लौटी थीं। सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही उनकी एक्टिविटी पर नजर रख रही थीं, क्योंकि वे पिछले 15 दिनों में 4 बार दुबई जा चुकी थीं। पुलिस ने रान्या के लावेल रोड स्थित अपार्टमेंट की तलाशी ली। यहां से 2.1 करोड़ रुपए की ज्वेलरी और 2.7 करोड़ रुपए नकद भी बरामद किए थे।

### ट्रेनिंग देकर तस्करी कराई

एजेंसी के मुताबिक, महिलाओं को सोना छिपाने और एयरपोर्ट जांच से बचने के तरीके सिखाए गए थे। इससे साफ है कि काम एक संगठित नेटवर्क के जरिए किया जा रहा था, जो कैरियर्स के माध्यम से सोना भारत भेज रहा था। गिरोह खुद सोना नहीं लाता था, बल्कि पैसों के लालच में लोगों को कैरियर बनाकर तस्करी कराता था। यह इस साल मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़े गए सबसे बड़े मामलों में से एक है। सभी महिलाओं को कोर्ट में पेश किया जाएगा। एजेंसी अब इस नेटवर्क के सरगनाओं तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। इस ऑपरेशन का नाम धहाबू ब्लिट्ज रखा गया है। धहाबू स्वाहिली भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ सोना होता है।

## हाईकोर्ट से कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को एक हफ्ते के लिए मिली अग्रिम जमानत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेलंगाना हाई कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी, रिनिकी भुइयां शर्मा की ओर से दर्ज एफआईआर को लेकर एक हफ्ते की अग्रिम जमानत दे दी है। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी लीगल सेल के अशोक गौड़ ने बताया कि हाई कोर्ट ने खेड़ा को संबंधित कोर्ट जाने के लिए 1 हफ्ते का वक्त दिया है। इससे पहले तेलंगाना हाई कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री सरमा की पत्नी के खिलाफ लगाए गए कई आरोपों को लेकर दर्ज मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई शुक्रवार तक स्थगित कर दी थी। फिर आज की सुनवाई में हाई कोर्ट ने कांग्रेस नेता को एक हफ्ते के लिए राहत दे दी।

# आगे बढ़ते रहिए



पूरा मानव जीवन घर के लिए एक खोज है। एक ऐसे स्थान की खोज, जहां तुम आराम और विश्राम ले सको। एक ऐसे अंतराल की खोज, जहां तुम स्वयं अपने होने में, और अपने अस्तित्व में पूर्ण संतुष्टि पा सको। अस्तित्व को सारभूत सुवास बनना है, अस्तित्व को इस सुवास को उत्पन्न करना है। जब मैं कहता हूं कि मनुष्य को स्वयं अपना निर्माण करना है, तो मेरे कहने का अर्थ है कि वह कैसे परमात्मा के साथ सम्मिलित होकर उसका अंश ग्रहण करे। जानवर जीवित हैं, पर वे कोई निर्माण नहीं करते। वृक्ष जीवित हैं, लेकिन वे कोई सृजन नहीं करते। यदि कुछ चीजें उनके द्वारा आती भी हैं, तो वह एक प्राकृतिक और स्वाभाविक पैदावार है। उनसे फूल आएंगे, फल आएंगे। यह केवल मनुष्य ही है, जो नव-निर्माण करता है। एक आम का वृक्ष आमों को पैदा करेगा, लेकिन मनुष्य के बारे में कुछ भी निश्चित नहीं है। पिकासो चित्रों का सृजन करेगा या बुद्ध बनेगा या एक नर्तक, कोई नहीं जानता। मनुष्य एक अव्यवस्था है, एक सृजनात्मक उलझन है। वह अपने अस्तित्व में बहुत धुंधला है, जैसे कोहरे की चादर में घिरा हो वह। तुम उसे सीमा में आबद्ध नहीं कर सकते, तुम ठीक-ठीक बता नहीं सकते कि वह है क्या? मनुष्य प्रतिदिन बदलता रहता है। वह ठीक एक नदी की भांति है। यही मनुष्य की गरिमा और महिमा है। वह अकेला ऐसा प्राणी है, जो सृजन कर सकता है। वह अकेला ऐसा प्राणी है, जो परमात्मा की सृजनात्मकता में उसका भागीदार बन सकता है! हालांकि, मनुष्य निरंतर भय से घिरा रहता है- असफल होने का भय, कुछ न बनने का भय, अस्तित्वहीन बनकर रहने और बंजर, उजाड़ मरुस्थल बने रहने का भय। कौन जाने? तुम इस बारे में निश्चित भी नहीं हो। असफलता की आशंका निन्यानबे प्रतिशत है, सफलता की संभावना केवल एक प्रतिशत। इसलिए इस बारे में मनुष्य का हृदय कांपता रहता है। प्रत्येक कदम अज्ञात में बिना किसी गारंटी और सुरक्षा के उठाना होता है। प्रत्येक रास्ता तुम्हें अज्ञात में ले जा रहा है। तुम नहीं जानते कि वह तुम्हें लक्ष्य तक ले जाएगा अथवा आगे से बंद तंग गली की ओर मोड़ देगा। हो सकता है, तुम्हें वापस लौटना पड़े और हो सकता है कि तुम्हारे सारे प्रयास व्यर्थ हो जाएं। कोई भी नहीं जानता। प्रत्येक को बिना यह जाने कि वह कहां जा रहा है, अंधकार में प्रवेश करना ही होता है। प्रत्येक व्यक्ति को चलना ही होता है, क्योंकि यदि तुम आगे नहीं बढ़े, तो भी जीवन हाथों से फिसला जा रहा है। इसलिए अच्छा यही है कि न चलने की अपेक्षा हमेशा चलते रहो, क्योंकि चलते रहने के साथ कम से कम इस बात की संभावना तो रहती है कि तुम पहुंच सकते हो।



**सम्पादकीय**

## सराहनीय मतदान

असम, केरलम और पुडुचेरी में मतदान की सफलता सुखद व अनुकरणीय है। कुल मतदान के आंकड़े बाद में आएंगे, लेकिन गुरुवार शाम पांच बजे तक असम में 84.42 और केरलम में 75.01 प्रतिशत मतदान हो चुका था। पुडुचेरी केंद्रशासित प्रदेश में मतदान दोपहर एक बजे ही 72.40 प्रतिशत पर पहुंच गया था। सराहनीय मतदान का श्रेय वास्तव में चुनाव आयोग और उसकी तैयारियों को देना चाहिए। चूंकि मतदाताओं की सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा ध्यान रखा जा रहा है, इसलिए मतदान में सफलता मिल रही है। यहां यह दोहरा दिया जाए कि असम की 126, केरलम की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर एक साथ ही मतदान हुआ है। सबसे बड़ी बात कि तीनों राज्यों या केंद्रशासित प्रदेश में मतदान के दौरान किसी बड़ी गड़बड़ी या हिंसा की सूचना नहीं है। इससे पता चलता है कि पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने भी अपने काम को मुस्तैदी से अंजाम दिया है। ध्यान रहे, असम में पिछली बार तीन चरणों में मतदान हुआ था, इस बार केवल एक चरण में हुआ मतदान इस राज्य की तरक्की का ही एक पहलू है।

असम में बीते दस वर्ष से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार है और इस बार भी भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की स्थिति कमजोर नहीं है। असम में भाजपा के साथ स्थानीय पार्टियां एजीपी और बीपीएफ भी हैं, जिससे उसे लाभ की उम्मीद है। यहां भाजपा के गठबंधन का मुकाबला कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन से है। यहां राजनीति के ध्रुवीकरण से कोई इनकार नहीं कर सकता। पिछले चुनाव के बाद यहां परिसीमन हुआ है, 15 नए निर्वाचन क्षेत्र बने हैं। माना जा रहा है कि निर्णायक मुस्लिम वोट वाले क्षेत्रों की संख्या 35 से घटकर 23 हो गई है। इसी से जुड़ा एक पहलू यह भी है कि पिछली बार भाजपा ने नौ मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था, केवल एक को जीत मिली थी और उस एक को भी इस बार पार्टी ने टिकट नहीं दिया है। असम भारतीय राजनीति की एक प्रयोगशाला है। वहां अगर घोषित ध्रुवीकरण और सबके समान विकास की राजनीति कामयाब होती है, तो असर अन्य राज्यों पर पड़ सकता है। पिछले चुनावों के मुकाबले कांग्रेस मजबूत है, लेकिन क्या उसे बहुमत लायक वोट मिले हैं? इस सवाल का जवाब उन वोटिंग मशीनों में दर्ज हो गया है, जो 4 मई को खोली जाएंगी। असम की तरह ही केरलम में भी कांग्रेस की साख दांव पर है। यहां वाम मोर्चा लगातार तीसरी बार जीतने के लिए जोर लगा रहा है। देश में वामपंथियों के लिए केरलम एकमात्र गढ़ है। अगर यहां वामपंथी हारे, तो देश में वामपंथ के एक युग का पटाक्षेप हो जाएगा। बंगाल में वामपंथी बहुत कमजोर हो गए हैं, तो केवल केरलम बचा है।

### क्या इंदौर के जन प्रतिनिधियों को मानसिक उपचार की आवश्यकता है?

## वंदे मातरम' पर इंदौर नगर निगम में सियासत



शुभम दुबे
(दैनिक अवन्तिका)





इंदौर नगर निगम की परिषद में बजट जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होने के बजाय 'वंदे मातरम' को लेकर जो शर्मनाक हंगामा हुआ, उसने लोकतंत्र के मंदिर को अखाड़े में तब्दील कर दिया। सदन की गरिमा को तार-तार करते हुए कांग्रेस पार्षद रुबीना इकबाल खान द्वारा ₹तुम्हारे बाप में दम हो तो कहलवाकर बता दो₹ जैसी सड़कछाप और आपत्तिजनक टिप्पणी करना केवल एक राजनीतिक विवाद नहीं, बल्कि मानसिक दिवालियापन का प्रमाण है। जब एक महिला जन प्रतिनिधि सदन के भीतर ₹बाप₹ तक पहुँचने वाली अभद्र भाषा का प्रयोग करती है, तो वह न केवल अपनी गरिमा गिराती है, बल्कि उन हजारों मतदाताओं के भरोसे का भी अपमान करती है जिन्होंने उसे चुनकर भेजा है। भाजपा हो या कांग्रेस, दोनों दलों के पार्षदों ने यह साबित कर दिया है कि उन्हें शहर के विकास से ज्यादा अपनी ओछी राजनीति चमकाने में दिलचस्पी है।

इन जन प्रतिनिधियों को यह समझने की सख्त जरूरत है कि वे जनता के सेवक हैं, न कि कोई स्वयंभू शासक। पार्षद का एक छोटा सा पद पाकर खुद को मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री के समकक्ष समझना और वैसा ही दंभ पाल लेना हास्यास्पद है। सदन जनता की गाढ़ी कमाई से चलता है ताकि वहां शहर की समस्याओं पर चर्चा हो सके, न कि इसलिए कि वहां नेता अपनी कुंठाओं का प्रदर्शन करें। ₹तुम्हारे बाप का₹ या ₹मेरे बाप का₹ जैसे शब्दों का प्रयोग यह दशार्ता है कि इन नेताओं को न तो पद की मयार्दा का ज्ञान है और न ही लोकतांत्रिक शिष्टाचार का। इंदौर, जो अपनी तहजीब और स्वच्छता के लिए विश्व विख्यात है, उसे ऐसे बदतमीज नेताओं ने राष्ट्रीय स्तर पर शर्मसार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

विशेष रूप से 'वंदे मातरम' जैसे राष्ट्रभक्ति के प्रतीक को विवाद का केंद्र बनाना और उस पर अहंकारपूर्ण टिप्पणियां करना अक्षम्य है। वंदे मातरम किसी एक दल या धर्म का नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र का गौरव है। इसे राजनीति की ढाल बनाकर अपनी कुंठा निकालना घोर निंदनीय है। कांग्रेस पार्षद की टिप्पणी ने जलती आग में घी का काम किया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि संवाद का स्तर अब पाताल में गिर चुका है। क्या ये नेता अपने घर में भी इसी भाषा का प्रयोग करते हैं? यदि नहीं, तो सदन की पवित्रता को अपनी वैचारिक गंदगी से प्रदूषित करने का साहस उन्हें किसने दिया? पोस्टरबाजी और कैमरों के सामने दिखावे की राजनीति करने वाले ये 'दिखावटी नेता' असल में बौद्धिक रूप से रिक्त हो चुके हैं।

इंदौर के नेताओं को अब 'मानसिक सुधार' की अनिवार्य आवश्यकता है। जिस तरह की बयानबाजी अब नेशनल मीडिया और सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, वह इंदौर की छवि को गहरी ठेस पहुँचा रही है। यह आपकी सभ्यता नहीं है, यह आपकी अशिष्टता का प्रदर्शन है। यदि आपमें सदन के समय के दौरान इतनी भी सहनशीलता नहीं है कि पक्ष या विपक्षी दल की उपस्थिति को बर्दाश्त कर सकें या अपनी बात शालीनता से रख सकें, तो आपको सार्वजनिक जीवन में रहने का कोई अधिकार नहीं है। सदन शुद्ध विचारों और लोकहितकारी कार्यों के लिए बना है, यह किसी के व्यक्तिगत अहंकार की तुष्टि का स्थान नहीं है।


नेताओं को मेरी सीधी चेतावनी है—जनता सब देख रही है। आप सेवक हैं, शासक बनने का ढोंग बंद करें। यदि आपको राजनीति की मयार्दाओं का ज्ञान नहीं है, तो किसी प्रबुद्ध और अनुभवी राजनेता के चरणों में बैठकर प्रशिक्षण लें, उसके बाद ही सदन की दहलीज पर कदम रखने का साहस करें। यह विडंबना ही है कि शहर के विकास के मुद्दों को दबाने के लिए ऐसे भावनात्मक और विवादित मुद्दों का सहारा लिया जाता है। भाजपा और कांग्रेस, दोनों के नेतृत्व को अपने बेलगाम पार्षदों को अनुशासित करना होगा, वरना इंदौर की जनता आपको सड़क पर लाने में समय नहीं लगाएगी।

अंत में, यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं है, बल्कि पद के साथ आने वाली जिम्मेदारी और शालीनता को निभाने का नाम है। वंदे मातरम और सदन की मयार्दा किसी के बाप की जागीर नहीं है, यह राष्ट्र की धरोहर है। शर्म आनी चाहिए उन नेताओं को जो जनता के हितों की बलि देकर अपनी जुबान से जहर उगल रहे हैं। इंदौर के सम्मान को बार-बार चोट पहुँचाने वाले इन कथित जन प्रतिनिधियों का बहिष्कार अब समय की मांग है। अपनी मयार्दा को पहचानिए, पद का दुरुपयोग बंद कीजिए और जनता के वास्तविक मुद्दों पर लौटिए, अन्यथा इतिहास आपको केवल एक 'हंगामेबाज' के रूप में ही याद रखेगा।

## हवालात-ए-हुस्न

जैसे ही मैंने थाने के हवालात-ए-हुस्न में कदम रखा, वहां की आबोहवा में न्याय की खुशबू कम और थर्ड डिग्री की महक ज्यादा थी। दरोगा जी अपनी कुर्सी पर ऐसे विराजमान थे जैसे किसी सल्तनत के आखिरी वारिस हों और मैं उनकी प्रजा का सबसे फर्जी फरियादी। मैंने जैसे ही हांफते हुए कहा कि सर, लूट हो गई, उन्होंने अपनी मूंछों को कड़क चाय के भाप से सहलाया और बोले, अबे ओ केस डायरी के फटे हुए पन्ने, ये जो तू सांसें उखाड़कर 'मुलजिम' जैसी शक्ल बना रहा है, इसके लिए कोई अलग से 'धारा' लगवाऊं या सीधे 'रोजनामचा' में तेरी किस्मत का एनकाउंटर कर दूँ? मैंने दलील दी कि सर चार नामालूम बदमाशों ने मेरा रास्ता रोका, तो उन्होंने बगल में खड़े सिपाही को इशारा किया, देख हवलदार, प्रार्थी को वारदात से ज्यादा अपनी स्टोरी की चिंता है। लिखो इसमें– मजकूर शख्स अपनी लापरवाही की नुमाइश कर रहा था और बदमाशों ने इसे सरकारी माल समझकर कुर्क कर लिया। उनके चेहरे पर वो दफा-302 वाली गंभीरता थी, जिससे लग रहा था कि एफआईआर दर्ज होने से पहले मेरा 'पंचनामा' पक्का है।

मुंशी जी ने अपना वो खानदानी रजिस्टर ऐसे निकाला जैसे वो किसी मुजरिम की हिस्ट्रीशीट हो। दरोगा जी ने पेन की निब से मेज पर दस्तक देते हुए कहा, बेटा, ये जो तूने बैग छिनने की दास्तान सुनाई है, इसमें 'सबूत' कम और 'सिनेमा' ज्यादा है। बैग में क्या था? कोई 'खुफिया दस्तावेज' या बस तेरी 'बेरोजगारी' का कच्चा चिट्ठा? मैंने जैसे ही लैपटॉप और गैजेट्स की लिस्ट गिनानी शुरू की, उन्होंने हाथ उठाकर मुझे बरामदगी के पहले ही खामोश कर दिया। बोले, ₹इतना तामझाम लेकर तू इस गली में 'गश्त' कर रहा था जैसे तू इस इलाके का 'बीट ऑफिसर' हो? ये तो वही बात हुई कि 'माल-ए-मुफ्त, दिल-ए-बेरहम'। चोरों ने तो तुझ पर एहसान किया है कि तुझे बोझ से आजाद कर दिया, वरना तू तो ताजीरात-ए-हिंद की किताब बनकर ही घूमता रहता। वहां मौजूद स्टाफ ऐसे ठहाके लगा रहा था जैसे थाना न होकर कॉमेडी सर्कस का रिमांड रूम हो। मुंशी जी ने चुटकी ली, साहब, लिख दो कि बैग को जमानत मिल गई है, इसलिए वो प्रार्थी के पास से फरार हो गया। जब मेरी आंखों से आंसू मुलजिम की तरह टपकने ही वाले थे, तभी दरोगा जी ने एक जोर का ठहाका लगाया और मेज के नीचे से वही बैग निकाल कर मेरे सामने पटक दिया।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 11 अप्रैल 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:14 सूर्यास्त 18:42
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - नवमी 24:38 उपरांत दसमी
नक्षत्र - उत्तराषाढा 13:40 उपरांत श्रवण
योग - सिद्ध 18:39 उपरांत साध्य
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 22 तारिख

**मेष-** निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**मिथुन-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा।

**कर्क-** व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें। विवेक से कार्य करें।

**सिंह-** पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कन्या-** धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा।

**तुला-** वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**वृश्चिक-** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। कुसंगति से हानि होगी।

**धनु-** भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**मकर-** स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।


**कुंभ-** जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मीन-** विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा।

**-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545**

**व्यंग्य**

## बजरबट्टूओं का घोषणा पत्र



कमलेश कंवल
(दैनिक अवन्तिका)

नेताओं के मजेदार मेनिफेस्टो के मजे लेते लेते बजरबट्टू को इतना मजा आया कि मजे मजे में ही ये मजेदार घोषणा कर बैठा कि पार्टी का क्या पार्टी तो बनती रहेगी। अभी तो घोषणा पत्र जारी करने का मौसम है तो क्यों न लगे हाथों अजन्मी पार्टी का मेनिफेस्टो जारी कर बहती गंगा में हाथ धो लिए जाए नेक काम में देर किस बात की। तत्काल बजरबट्टू अपने चेले चपाटियों के साथ माथा जोड़ के बैठ गया था। उसने सोच लिया था कि वह अपने मेनिफेस्टो को मेनिफेस्टो के संसार की सर्वश्रेष्ठ कृति बना कर ही दम लेगा। बजरबट्टूओं की कल्पना से एक से एक अनूठे आइडीए फुदक फुदक के बाहर आने लगे थे। पहले तो उसने मेनिफेस्टो लॉन्च करने का प्रोग्राम ही नहीं रखा। उसकी पीडीएफ बना कर सबको सॉफ्ट कॉपी सेंड कर दी। बेचारे नुक्ता चीनी अन्वेषक हाथ मलते रह गए। पैसे के पैसे बच गए और लोग बाग सेकेंडों का गूंगा लॉन्चिंग प्रोग्राम कह कर उसकी आलू चना भी नहीं कर सके। जब हर नत्थूलाल अपने स्ट्रोक पे ताव देकर कहता हो कि स्ट्रोक मारो तो नत्थू लाल जैसा वरना न मारो। फिर बजरबट्टू का तो मालिकाना हक था मास्टर स्ट्रोक पे। अगला मास्टर जो ठहरा।

बजरबट्टू एक शब्द से बहुत प्रभावित था। एक राष्ट्र श्रेष्ठ राष्ट्र जैसे राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत स्लोगन उसके प्रेरणा स्त्रोत थे। उसने अपनी मेनिफेस्टो में इस एक शब्द की महिमा का गुणगान करने के लिए पहला प्रस्ताव ही यह किया कि प्रदेश के हर एक परिवार के एक सदस्य को चांद पर एक प्लॉट अलॉट किया जाएगा। चांद पे जाकर बसने और प्लॉट का कब्जा लेने की जवाबदारी प्लॉट के पट्टाधारी की होगी। एक शब्द का अनोखा प्रयोग उसने अपने दूसरे वायदे में यह कर किया कि एक त्यौहार एक राष्ट्र के अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ईद, क्रिसमस आदि गैर जरुरी त्यौहारों पे दिए जाने वाले अवकाश खत्म कर दिए जाएंगे और दीवाली पे 365 दिन का अवकाश घोषित किया जाएगा।

चुनावों के दौरान जन्में एक परिवार के एक बच्चे के सभी सोलह संस्कारों का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा बशर्ते मां विधवा या कुंवारी हो । शादी शुदा माताएं इस योजना की पात्र नहीं होगी। हमारे सर्वाधिक पीड़ित शराबी भाइयों के उद्धार के लिए एक शराबी पोर्टल लांच किया जाएगा जिसपे हर एक शराबी को अपना पंजीयन करवाना होगा।। दस्तावेजों में जो भी दस्तावेज उसके पास होंगे वो मान्य नहीं होंगे। प्रत्येक शराबी भाई को आधार के आधार पे प्रति सप्ताह देशी दारू का एक एक क्वार्टर दिया जायेगा एवं साथ ही प्रति शराबी सौ सौ ग्राम चखना भी दिया जायेगा। अवैध शराब के व्यापारियों के हितों के संरक्षण के लिए शराब बंदी बदस्तूर जारी रहेगी।

समाज का सांस्कृतिक विकास करने के लिए प्रेमचन्द के अमर पात्र गोबर की स्मृति में गोबर दिवस आयोजित किया जाएगा। जिसमें चयनित गोबर प्रेमी को गोबर शिरोमणि की उपाधि से नवाजा जाएगा । पुरस्कार में गोबर से निर्मित अनेक पकवान और बीएम डब्ल्यू के छठे पहिए की हवा मुफ़्त दी जाएगी । प्रदेश में बढ़ते हुए जल संकट को हल करने के लिए गो मूत्र के उपयोग को सरकार प्रोत्साहित करेगी। इसके प्रचार प्रसार के लिए गोमूत्र वॉरियर्स की नियुक्ति की जायेगी। इन वॉरियर्स का चयन करने के लिए संस्कृति रक्षकों द्वारा रात खत्म होने के बाद लेकिन सुबह होने से पहले एक चयन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी ।अपात्र अभ्यर्थियों का आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। कोई कारण नहीं बताया जाएगा। चयन प्रतियोगिता में पारदर्शिता बनी रहे इसलिए मुख्य चयनकर्ता प्रेस वार्ता करेंगे जिसमें प्रश्न पूछनें के लिए प्रश्न पूछनें के पहले एक एफिडेविट जमा करना अनिवार्य होगा। आई. ए.एस., आई. पी. एस. की तर्ज पे एक नई शासकीय सेवा प्रारम्भ की जायेगी, प्रादेशिक उत्पीड़न सेवा। इसका उद्देश्य लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति में सुधार करना होगा।

## रील संस्कृति में साहित्य बना कंटेंट



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

डिजिटल युग ने अभिव्यक्ति के स्वरूप को अभूतपूर्व गति और विस्तार दिया है। आज हर व्यक्ति के हाथ में एक मंच है—एक ऐसा मंच, जहाँ वह अपनी बात तुरंत लाखों लोगों तक पहुँचा सकता है। यह लोकतंत्रीकरण अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। परंतु हर शक्ति के साथ एक जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। दुर्भाग्यवश, इस जिम्मेदारी का संतुलन कई बार बिगड़ता हुआ दिखाई देता है, विशेषकर तब जब उद्देश्य अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि केवल लोकप्रियता रह जाता है। रील संस्कृति इसी असंतुलन का एक प्रमुख उदाहरण है। कुछ सेकंड के वीडियो में प्रभाव पैदा करने की होड़ ने अभिव्यक्ति को त्वरित, संक्षिप्त और कई बार सतही बना दिया है। साहित्य, जो मूलतः धैर्य, गहराई और चिंतन की मांग करता है, वह इस त्वरित उपभोग की संस्कृति में स्वयं को असहज महसूस कर रहा है। अधूरी पंक्तियाँ, संदर्भहीन उद्धरण और बनावटी भाव—ये सब मिलकर साहित्य को एक उत्पाद में बदल रहे हैं, जिसका उद्देश्य केवल ध्यान आकर्षित करना है।


आज वायरल होना ही सफलता का पैमाना बन गया है। इस मानसिकता ने सृजन की प्रक्रिया को प्रभावित किया है। लेखक अब यह सोचकर लिखता है कि क्या यह सामग्री लोगों को तुरंत आकर्षित करेगी, न कि यह कि क्या यह विचार समाज के लिए सार्थक है। परिणामस्वरूप, गहराई की जगह चटकपन और संवेदना की जगह प्रदर्शन ने ले ली है। यह प्रवृत्ति न केवल साहित्य के साथ अन्याय है, बल्कि समाज के बौद्धिक स्तर को भी प्रभावित करती है। साहित्य का मूल उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं है। वह समाज का दर्पण है, जो उसकी वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करता है और उसके अंतर्विरोधों को उजागर करता है। कबीर ने अपने दोहों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया, तुलसीदास ने आस्था और मयार्दा का संदेश दिया, प्रेमचंद ने समाज के यथार्थ को उजागर किया और महादेवी वर्मा ने संवेदनाओं की सूक्ष्मता को शब्द दिए। इन सभी रचनाकारों की कृतियाँ समय की कसौटी पर इसलिए खरी उतरीं क्योंकि उनमें गहराई, ईमानदारी और सामाजिक प्रतिबद्धता थी।

इसके विपरीत, आज का एक बड़ा वर्ग साहित्य को केवल प्रस्तुति का माध्यम मान बैठा है। शब्दों की सुंदरता से अधिक महत्व उनके प्रदर्शन को दिया जा रहा है। रील्स में प्रस्तुत की जाने वाली कविताएँ कई बार न तो मौलिक होती हैं और न ही उनमें कोई गहन भाव होता है। वे केवल इस उद्देश्य से बनाई जाती हैं कि दर्शक कुछ क्षणों के लिए आकर्षित हों और लाइक या शेयर कर दें। रील संस्कृति का एक और चिंताजनक पहलू है—अभिव्यक्ति की शालीनता में गिरावट। भाषा का स्तर, उच्चारण की स्पष्टता और प्रस्तुति की गरिमा—ये सभी तत्व किसी भी साहित्यिक अभिव्यक्ति के महत्वपूर्ण अंग होते हैं। लेकिन जब इनकी अनदेखी की जाती है, तो साहित्य का स्वरूप विकृत हो जाता है। कई बार तो स्थिति यह होती है कि मूल रचना का भाव ही पूरी तरह बदल जाता है।

परिधान और दृश्यात्मक प्रस्तुति को लेकर भी बहस तेज हो गई है। यह स्वीकार करना होगा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है, लेकिन हर अधिकार के साथ मयार्दा और जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। जब साहित्य जैसे गंभीर विषय को प्रस्तुत किया जाता है, तो उसमें एक संतुलन और शालीनता अपेक्षित होती है। दुर्भाग्यवश, कई बार यह संतुलन केवल दर्शकों का ध्यान खींचने की कोशिश में खो जाता है, जिससे साहित्य की गंभीरता प्रभावित होती है। हालाँकि, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम इस पूरी स्थिति को एकांगी दृष्टिकोण से न देखें। सोशल मीडिया ने कई ऐसे प्रतिभाशाली रचनाकारों को मंच दिया है, जो पारंपरिक प्रकाशन व्यवस्था तक नहीं पहुँच पाते थे।

**धर्म-आस्था**

## अनुर्मि सिद्धि क्या है? भूख-प्यास से को नियंत्रित करने वाली इस योग शक्ति का रहस्य जानें



आपने कई रहस्यमयी सन्यासियों को देखा होगा, जिन्हें भूख-प्यास नहीं लगती। उनका बुढ़ापा भी देर से आता है और वो दीर्घजीवी होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये सब उन्हें एक सिद्धि के तहत हासिल होता है? शास्त्रों में अनुर्मि सिद्धि के बारे में बताया गया है, जिसकी मदद से साधक रोग, शोक, भूख-प्यास जैसी चीजों पर नियंत्रण पा लेता है।

शास्त्रों में हनुमान जी को अष्ट सिद्धियों का दाता कहा गया है और इसके अलावा 64 सिद्धियों की भी बात की गयी है। आज भले ही इन सिद्धियों को चमत्कार की तरह देखा जाता है लेकिन सच्चाई ये है कि इन सिद्धियों की आवश्यकता उन साधकों को पड़ती है, जो भौतिक सीमाएं लांघकर लम्बी आराधना करना चाहते हैं। शास्त्रों में अष्ट-सिद्धियों के समूह में अनुर्मि-सिद्धि की व्याख्या मिलती है, जो एक पारंपरिक आध्यात्मिक सिद्धि है, जिसके अनुसार साधक को भूख-प्यास, शोक, बुढ़ापा और मृत्यु के भय से मुक्त रहने की क्षमता मिलती है। यह सिद्धि गहरे साधना, तप और आत्मसंयम का परिणाम मानी जाती है। यह सिद्धि दर्शाती है कि आत्मा शरीर से परे है, जिससे साधक को आत्मिक स्वतंत्रता का अनुभव होता है और वह मृत्यु और जीवन के भय से ऊपर उठ पाता है।

हिन्दू पौराणिक और तांत्रिक परंपराओं में अष्ट-सिद्धि, जैसे कि अणिमा, महिमा, लघिमा आदि का उल्लेख मिलता है और अनुर्मि-सिद्धि इन्हीं में गिनी जाती है। अनुर्मि-सिद्धि का मूल संदेश आत्मिक स्वतंत्रता है - शरीर-भावनाओं के बन्धन से ऊपर उठकर शांति और अविचलता प्राप्त करना। यह केवल शारीरिक बंधन से जुड़ा नहीं है, बल्कि दुःख-वियोग पर आंतरिक निर्भीकता भी दशार्ती है। अनुर्मि सिद्धि का अर्थ है - ऊर्मि यानि विकारों का अभाव।

यहाँ 'ऊर्मि' से तात्पर्य है शरीर और मन की वे तरंगें या इच्छाएँ, जो हमें लगातार प्रभावित करती हैं। योग और वेदांत ग्रंथों में बताया गया है कि मनुष्य का शरीर छह प्रकार की 'ऊर्मियों' से प्रभावित होता है - क्षुधा (भूख), तृष्णा (प्यास), शोक, मोह, जरा (बुढ़ापा) और मृत्यु। जब साधक इन सभी पर पूर्ण नियंत्रण पा लेता है, तब उसे अनुर्मि सिद्धि प्राप्त होती है।

कैसे प्राप्त होती है यह सिद्धि?

पारंपरिक शास्त्र कहते हैं कि इस सिद्धि-प्राप्ति के लिए नियमित तप, गुरु-शरण और नैतिक जीवन अनिवार्य है। दीर्घकालिक ध्यान, ब्रह्मचर्य और संयम से मन-इन्द्रियों का नियंत्रण आता है, जो अनुर्मि-लक्षणों की दिशा में सहायक है। यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं है। इसके लिए साधक को कठोर तप और साधना करनी होती है, प्राणायाम और ध्यान में निपुण होना पड़ता है और इंद्रियों पर पूर्ण नियंत्रण विकसित करना होता है। योग साधना और ध्यान के उच्च स्तर पर पहुँचकर ही यह संभव माना जाता है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,700, रवा- 1,51,500 चांदी- टंच- 2,36,600 पाट- 2,35,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## आपदा से बचाव के लिए अंतिम प्रशिक्षण भूतमढ़ी में संपन्न

**आरोन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् और आपदा प्रबंधन भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण भूतमढी में हुआ। जिसमें प्रशिक्षक राघवेन्द्र शर्मा ने भूकंप, बाढ़ और आग लगने के दौरान होने वाली आपदा के संबंध में जानकारी दी गई। जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ने अपने घरों पर रखे सामान से किस प्रकार बाढ़ आने पर घरों पर रखी बोतल, अद्दी से तैयार के बारे में जानकारी दी। विकासखण्ड समन्वयक आरोन ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और संवर्धन का संकल्प दिलाया। इस प्रशिक्षण में नवांकुर संस्था प्रेम युवक मंडल भादौर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरोद ने सहयोग किया। परामर्शदाता सुनील सैंन ने प्रशिक्षण का संचालन किया। इस मौके पर बढ़ी संख्या में ग्रामीण जनों के द्वारा भी सहभागिता की गई।

## एनएच-52 पर गेहूं से भरा ट्रक पलटा, केबिन में फंसे चालक को डायल 112 की टीम ने बचाया



**शाजापुर।** सुनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे-52 पर अभयपुर मंदिर के पास एक अनियंत्रित ट्रक पलट गया। इस भीषण हादसे में ट्रक चालक वाहन के अंदर ही बुरी तरह फंस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों की मदद से चालक को सुरक्षित बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पचोर निवासी 30 वर्षीय प्रकाश पिता रमेश कुशवाह ट्रक में गेहूं भरकर पचोर से इंदौर की ओर जा रहा था। इसी दौरान अभयपुर मंदिर के समीप अचानक उसका ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसे के बाद चालक प्रकाश केबिन में फंसा हुआ था। डायल 112 को जैसे ही सूचना मिली, पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। इस बचाव कार्य में डायल 112 के स्टाफ पायलट संजीव सूर्यवंशी और हेड कांस्टेबल बैजनाथ सिंह ने सराहनीय और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद चालक का रेस्क्यू किया। चालक को गंभीर हालत में डायल 112 के वाहन से ही तुरंत जिला अस्पताल शाजापुर ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

## सुसनेर में आज टिन शेड सब्जी मंडी का शुभारंभ, 65 दुकानों का आवंटन

**हाथ ठेला व्यापारियों को भी मिलेगी व्यवस्थित जगह**



**सुसनेर।** नगर में वर्षों से चली आ रही अव्यवस्थित सब्जी मंडी की समस्या का आज समाधान होने जा रहा है। शनिवार को टिन शेड में विकसित नई सब्जी मंडी का शुभारंभ नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान एवं सांसद रोडमल नागर के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर नगर परिषद और प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं नगरवासियों में भी इस नई व्यवस्था को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम नगर परिषद के नवीन भवन का लोकार्पण किया जाएगा। इसके पश्चात सभी अतिथि टिन शेड स्थित सब्जी मंडी पहुंचेंगे जहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मंडी का शुभारंभ किया जाएगा और आमसभा का आयोजन भी होगा। इस दौरान जनप्रतिनिधि शहर के विकास से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी अपने विचार रखेंगे। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने पदभार संभालने के साथ ही शहर की प्रमुख समस्याओं को प्राथमिकता में रखा, जिनमें सब्जी मंडी की अव्यवस्था सबसे अहम थी। वर्षों से मुख्य मार्ग पर लग रही मंडी के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। जिससे आमजन, व्यापारियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार शिकायतें होने के बावजूद इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया था।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

### विश्व नवकार महामंत्र दिवस: मंत्र आत्मशुद्धि, आस्था और साधना का प्रतीक

# विश्व शांति के लिए किया सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप







दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

विश्व स्तर पर आध्यात्मिक चेतना और सामूहिक शक्ति का अद्भुत संगम हुआ। विश्व नवकार दिवस के अवसर पर इस वर्ष एक ऐतिहासिक पहल के तहत पहली बार दुनिया भर में एक साथ, एक ही समय पर 4 करोड लोग नवकार मंत्र का जाप किया।

यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि वैश्विक शांति, आत्मकल्याण और सामाजिक सद्भाव का सशक्त संदेश दिया पिछले वर्ष इस आयोजन में 2 करोड लोगों की सहभागिता रही थी, जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए थे। इस वर्ष यह आयोजन और भी भव्य होने जा रहा है, श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सारंगपुर में सभी समाजजन ने सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप किया और सभी ने नवकार महामंत्र का जाप कर नगर में, जिले में प्रदेश में, पूरे भारत देश के साथ, पूरे विश्व में शांति की लिए नवकार महामंत्र का जाप किया गया। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि जब लाखों-करोडों लोग एक साथ, एक समय पर किसी शक्ति शाली मंत्र का जाप करते हैं, तो वह केवल व्यक्ति गत साधना नहीं रहती, बल्कि एक सामूहिक ऊर्जा का रूप ले लेती है।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी यह माना गया है कि सामूहिक ध्यान और मंत्रोच्चार से सकारात्मक कंपन उत्पन्ना होते हैं, जो वातावरण को शुद्ध करते हैं और मानसिक शांति को बढाते हैं। विश्व नवकार दिवस पर 4 करोड लोगों का एक साथ मंत्र जाप करना, न केवल एक आध्यात्मिक आयोजन हुआ, बल्कि यह विश्व शांति के लिए एक सशक्त ऊर्जा तरंग भी उत्पन्ना करेगा। विश्व नवकार दिवस केवल एक धार्मिक अवसर नहीं, बल्कि आत्मबल और आत्मशुद्धि का एक विशेष दिन है। नवकार मंत्र हमें यह सिखाता है कि जीवन में सच्ची प्रगति बाहरी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि भीतर की शांति और संतुलन से आती है। जब हम पूरे समर्पण और श्रद्धा के साथ इस मंत्र का जाप करते हैं, तो यह हमारे मन को स्थिर करता है और नकारात्मक विचारों को दूर करने की शक्ति देता है। यदि हम रोजमर्रा की जिंदगी में भी इस मंत्र के भाव को अपनाएं, तो हम न केवल स्वयं को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। नवकार मंत्र का नियमित जाप व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास को बढाता है। साथ ही, यह हमें जीवन के हर क्षेत्र में विनम्रता, धैर्य और सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में किया इस अवसर पर श्रीपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर अध्यक्ष सुमत जैन, श्रीपाल जैन, गुणधर जैन, जैनपाल जैन, सुरेश जैन, अरुण जैन, दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष मनोज जैन, संजय जैन, अर्पित जैन, मनोज पांदा, अनुज जैन, शांतिलाल जैन, निर्मला, खुशी, शिखा जैन सभी ने मिलकर सामूहिक नवकार मंत्र का जाप किया और विश्व में शांति के लिए प्रार्थना की।

**महिदपुर**

अंतरराष्ट्रीय संस्था जीतों के आह्वान पर विश्व शांति एवं जन कल्याण हेतु श्री शांतिनाथ आराधना भवन में समस्त नवकार महामंत्र आराधक की ओर से सामूहिक जाप आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में नवकार महामंत्र की तस्वीर पर समाज के वरिष्ठ बाबूलाल आंचलिया, संजीव सोनी, नरेंद्र कोठारी, विमल मेहता, कपिल राखेचा, राज गादिया ने दीप प्रज्वलन कर किया। शुभारंभ दिव्यांशी कोचर ने मंगलाचरण से किया। पश्चात राज गादिया ने सुमधुर आवाज में नमस्कार महामंत्र का सामूहिक जाप करवाया। अंत में जीतों की ओर से सभी श्रावक श्राविका का आभार शैलेश कोचर ने माना। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सुराना ने किया।

**खाचरोद**

श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ में विश्व नवकार मंत्र दिवस बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया । प्राचार्य श्रीमती वीना कुंदी ने नवकार महामंत्र की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया, इसके पश्चात विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा नवकार मंत्र का सामूहिक जाप किया गया ।छात्रा कनिका दलाल ने अपने भाषण में नवकार महामंत्र का अर्थ स्पष्ट करते हुए मंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला ।अध्यापिका श्रीमती सोनल जैन ने भी महामंत्र पर अपने भावपूर्ण विचार साझा किए। पूरे आयोजन ने विद्यार्थियों में संस्कार और आस्था की प्रेरणा जगाई।

### देवास ब्लैकमेलिंग मामले में डॉक्टर पहुंचे कोतवाली

# पुलिस से मांगी सुरक्षा, अब तक पांच आरोपी गिरफ्तार, 7 पर केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



देवास में ब्लैकमेलिंग के एक मामले में शहर के डॉक्टर बड़ी संख्या में कोतवाली थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को आवेदन देकर बताया कि एक महिला डॉक्टर का वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोग उन्हें परेशान करने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

सीएसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि डॉक्टरों ने आवेदन में कहा है कि वे अपना काम करने में असहज महसूस कर रहे हैं और कुछ लोग इस मौके का फायदा उठाकर उन्हें परेशान कर रहे हैं।

इस मामले में अब तक कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कोतवाली पुलिस ने मरीज बनकर डॉक्टरों से बातचीत करने, स्टिंग ऑपरेशन करने और ब्लैकमेल करने के आरोप में सात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

**रेलवे स्टेशन से पकड़े गए आरोपी**

गिरफ्तार आरोपियों में पटियाला निवासी विनय अरोरा और उसकी साथी रजनी भाटिया शामिल हैं, जिन्हें देवास रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया। दोनों को जल्द ही कोर्ट में पेश किया जाएगा। एक अन्य आरोपी पुलिस रिमांड पर है, जबकि एक महिला और एक अन्य व्यक्ति को जेल भेजा जा चुका है।

**महिला डॉक्टर का लाइसेंस निरस्त**

घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने महिला डॉक्टर चारू तिवारी के नर्सिंग होम का लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया। इसके बाद तहसीलदार सपना शर्मा की मौजूदगी में डॉ. अशोक सेन, डॉ. मनीषा मिश्रा और डॉ. अमरीन की टीम ने अस्पताल पहुंचकर परामर्श कक्ष, ऑपरेशन थिएटर और वार्ड को सील कर दिया।

## पशु चिकित्सालय में महिला सहकर्मी से छेड़छाड़

**देवास।** जिला पशु चिकित्सालय में कार्यरत एक महिला सहकर्मी ने डॉक्टर पर छेड़छाड़ और प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। सहकर्मी ने शुक्रवार को अपने परिजनों के साथ कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी डॉक्टर संजीत कुमरे पिछले कुछ दिनों से उन्हें लगातार परेशान कर रहे थे। सहकर्मी हाल ही में बागली से स्थानांतरित होकर यहां आई हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी डॉक्टर उन्हें बार-बार अपने ऑफिस में बुलाकर अनुचित व्यवहार करते थे।

**कमरे में बंद तक किया**

सहकर्मी के अनुसार, जब वह वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने जा रही थीं, तब आरोपी ने उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया था। एक अन्य घटना में, जब वह वॉशरूम गईं, तो आरोपी ने उनका हाथ पकड़ लिया और उनके साथ अशोभनीय हरकत करते हुए छेड़छाड़ की। आरोपी ने उन्हें शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। सहकर्मी ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी डॉक्टर काम नहीं करते और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों को भी दी जा रही है। कोतवाली पुलिस अब इस आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।



## गडरौली में 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**मक्सी।** नगर ग्राम गडरौली में रणासरा परिवार के मुख्य सदस्य कैलाशचंद्र पाटीदार,वासुदेव पाटीदार ,संजय पाटीदार और विष्णु प्रसाद पार्षद एवं समस्त परिवार सदस्यों एवं नगर वासियो ने श्रीमद् पित्रु भागवत कथा का 7 दिवसीय आयोजन पंडित गोविंद प्रशाद शर्मा (ग्राम वखेडा वाले) के श्री मुखाग्र बिन्दु से किया गया। जिसका आज समापन नगर भ्रमण और भंडारा महाप्रसादी के साथ किया गया। जिसमें समस्त गांव वासियों ने बहुत ही उत्सुकता के साथ श्रीमद् भागवत कथा के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कर्यक्रम को सफल बनाया।

## बदनावर में गेहूं खरीदी 2700 रुपए क्विंटल करने की मांग

**बदनावर।** लॉक कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम प्रियंका मिमरोट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि धार सहित प्रदेश के किसान वर्तमान में अपनी गेहूं की उपज को लेकर चिंतित और परेशान हैं। प्रमुख मांगों में किसानों के गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2700 रुपए प्रति क्विंटल सुनिश्चित करना और खरीदी की लिमिट खत्म करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, जिला सहकारी बैंक में ऋण वितरण केंद्रों पर किसानों के लिए बैठने व पानी की व्यवस्था करने, तोल केंद्रों पर बारदान की पर्याप्त व्यवस्था करने और साइलो केंद्र जल्द खोलने की मांग भी की गई।

### प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल का हुआ भव्य स्वागत

# राजा हिरदेशाह लोधी शौर्य यात्रा को लेकर नगर बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मक्सी




आगामी 28 अप्रैल को जंबूरी मैदान, भोपाल में आयोजित होने वाली महान वीर योद्धा राजा हिरदेशाह लोधी की शौर्य यात्रा के संबंध में प्रदेशभर में सामाजिक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न स्थानों पर आयोजित बैठकों में लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री जालमसिंह पटेल विशेष रूप से शामिल हुए। उनके साथ सर्वजीत सिंह लोधी (जिला पंचायत सदस्य एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष, लोधी समाज), संगठन प्रदेश प्रवक्ता डा. दिलीप लोधी तथा निजी सचिव राजपूत भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के तहत पटेल भोपाल से प्रस्थान कर सर्वप्रथम जहांगीरपुर (जिला सीहोर) पहुंचे, जहां सामाजिक बैठक आयोजित की गई। इसके पश्चात भोरासा (जिला देवास) में समाजजनों के साथ बैठक हुई। टोंककला में उनका भव्य स्वागत किया गया। आगे मक्सी (जिला शाजापुर) स्थित लोधी धर्मशाला में सामाजिक बैठक में सहभागिता की गई। इसके बाद इंदौर में पिल्लू कौशल एवं मोहन नरवरिया के नेतृत्व में आयोजित बैठक में सम्मिलित होकर समाजजनों से संवाद किया गया।

इस दौरान विभिन्न स्थानों पर समाजजनों, क्षेत्रवासियों एवं मातृशक्ति द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। पटेल ने सभी का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता और उत्साह इस ऐतिहासिक शौर्य यात्रा को सफल बनाने में प्रेरणादायी सिद्ध होगा। उन्होंने समाजबंधुओं से 28 अप्रैल को भोपाल पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोर सिंह लोधी श्री नारायण सिंह लोधी (सरपंच), पूर्व पार्षद बद्रीलाल लोधी, छोटूलाल लोधी (ठेकेदार), पार्षद प्रतिनिधि दिलीप लोधी, पार्षद प्रतिनिधि अशोक पेंटर, निलेश लोधी (जिला अध्यक्ष), चंद्रसिंह लोधी, रमेश कौशल, महेंद्रसिंह लोधी (देवास), मदनलाल लोधी, मिश्रीलाल लोधी (पूर्व पार्षद), मोहनलाल लोधी, अरुण लोधी, कैलाश कोठारी, भरत लोधी, वीरेंद्र भदोरिया, सुनील ठाकुर, पोप सिंह (ठेकेदार), लाखन केरवाल, कैलाश ठेकेदार, राहुल केरवाल, कुंदन सैनी, विजय लोधी, रवि कौशल मिश्रीलाल लोधी मदनलाल लोधी गोपाल लोधी छावनी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

संचालन समाज के प्रदेश प्रवक्ता लोधी राधेश्याम देवड़ा द्वारा किया गया, जबकि आभार निलेश लोधी एवं कुंदन सैनी ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया। बैठकों के दौरान जगह-जगह पटेल का भव्य स्वागत किया गया और हजारों समाजजनों ने शौर्य यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने राघेष्याम परमार पिता श्री प्रकाश परमार निवासी 6/3, यंत्रमहल मार्ग जयसिंहपुरा उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 1465/1/1/1/2 रकबा 0.1500 हेक्टर में से 0.0372 हेक्टर ग्राम मंगरोला प.ह.न. 03 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है जो रोड़ पर देवास से बदनावर मार्ग पर स्थित है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का निष्पादन अपने हित मे करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांकः-09-04-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट)**
**एम.ए.एल.एल.बी.**
**61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन**
**मोबा. नम्बर 98264-44002**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने आशाराम चौधरी पिता शिवनारायण आयु 42 वर्ष जाति अहीर निवासी ग्राम असावता तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि कय करने का अनुबंध किया है जो भूमि ग्राम असावता तहसील बडनगर जिला उज्जैन मे स्थित है जिसका सर्वे नं. 450/1 रकबा 0.82 हे, भूमि को कय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हे बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढी अन्यथा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम मे कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूमि में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूमि के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवे। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के बाद सूचना मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदाकर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। दिनांकः-10.04.2026

**कुलदीप सिंह पंवार एडव्होकेट**
**कोर्ट परिसर कोर्ट चौराहा बडनगर (अकोलिया वाले)**
**मोबा. 7024008304**

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार ज्तनीवउम(श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड कार्यालय दुसरी मंजिल ए 6/3 महाकाल वाणिज्य केन्द्र नानाखेडा उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि संपत्ति क्रमांक - 1 भूखण्ड क्रमांक एल-93 दक्षिण दिशा का भाग स्थित गायत्री नगर सेक्टर-ए आगर रोड़ उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 45.00 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- कॉलोनी का रोड़, पश्चिम मे- भूखण्ड क्रमांक एल-82, उत्तर मे- लक्ष्मी राठौर का शेष भाग, दक्षिण मे- भूखण्ड क्रमांक एल-92 स्थित है। उक्त संपत्ति सुरेशचंद्र राठौर पिता श्री देवकरण राठौर ने इसके पूर्वस्वामी हुकुमचंद से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022021A1611777 दिनांक 22/07/2021 को क्रय कि। एवं सुरेशचंद्र राठौर का स्वर्गवास दिनांक 11/03/2023 को हो जाने के पश्चात उक्त सपंत्ति के स्वामी शिव राठौर पिता स्व. श्री सुरेशंचद्र राठौर हुये।

संपत्ति क्रमांक - 2 भूखण्ड क्रमांक एल-93 . उत्तर दिशा का भाग स्थित गायत्री नगर सेक्टर-ए आगर रोड़ उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 45.00 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- कॉलोनी का रोड़, पश्चिम मे- भूखण्ड क्रमांक एल-82, उत्तर मे- भूखण्ड क्रमांक एल-94, दक्षिण मे- सुरेशचंद्र राठौर का शेष भाग स्थित है। उक्त संपत्ति श्रीमति लक्ष्मी राठौर पति श्री शिव राठौर ने इसके पूर्वस्वामी हुकुमंचद से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022021A1611781 दिनांक 22/07/2021 के माध्यम से क्रय कि एवं शिव राठौर एवं श्रीमति लक्ष्मी राठौर ने उक्त दोनों संपत्तियों पर ऋण प्राप्त करने हेतु Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्तियों के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्तियों पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**



## पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित जनरल परेड, पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**राजगढ़-ब्यावरा।** पुलिस लाइन राजगढ़ में पुलिस बल की दक्षता, अनुशासन एवं शारीरिक क्षमता को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नियमित रूप से परेड का आयोजन किया जा रहा। इसी क्रम में पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में एक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी जनरल परेड आयोजित की गई। जनरल परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। निरीक्षण के समय पुलिस बल द्वारा अनुशासित, समन्वित एवं आकर्षक ढंग से मार्च पास्ट एवं विभिन्न परेड अभ्यासों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, जो उनकी प्रशिक्षण क्षमता एवं टीम भावना का परिचायक रहा। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उत्कृष्ट टर्न आउट एवं प्रदर्शन करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया। साथ ही उन्होंने पुलिस बल को अनुशासन, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे सहित विभिन्न अनुभागों के एसडीओपी उपस्थित रहे। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक सुश्री उर्मिला चौहान तथा टू-आईसी सूबेदार इति शर्मा के नेतृत्व में मुख्यालय के विभिन्न थानों एवं कार्यालयों से पुलिसकर्मी, थाना यातायात का स्टाफ, एमटी शाखा के वाहन एवं डॉग स्क्वाड के सदस्य उपस्थित रहे। परेड के उपरांत पुलिस वाहनों का निरीक्षण कर उनमें उपलब्ध बल्वा नियंत्रण सामग्री की भी विधिवत जांच की परेड का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, एकरूपता, शारीरिक दक्षता तथा आपात परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता का विकास करना है, जिससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में और अधिक सुदृढ़ता सुनिश्चित की जा सके।

## हाथी दरवाजा पर खड़े वाहनों पर पुलिस की चालानी कार्रवाई



**सुसनेर।** थाना प्रभारी अक्षय बैस के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा हाथी दरवाजा क्षेत्र में सड़क किनारे अव्यवस्थित खड़े वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधारने का प्रयास किया गया। थाना प्रभारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहन निर्धारित स्थानों पर ही पार्क करें, जिससे आवागमन में बाधा न हो।

## पुस्तक मेले में उमड़ी भीड़, किफायती दरों पर मिली किताबें व गणवेश

**30 अप्रैल तक दुकानों पर विशेष छूट का आश्वासन**



**शुजालपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर द्वारा पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी में गुरुवार को पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। मेले में पालकों और स्कूल संचालकों की अच्छी खासी भागीदारी रही, जहां किफ यती दरों पर पुस्तकें और गणवेश उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार किरण धाकड़ ने की, जबकि मुख्य अतिथि एसडीओपी निमेष देशमुख रहे। इस दौरान विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र गोखले सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य मंचासीन रहे। मेले में 17 स्थानीय दुकानदारों ने स्टॉल लगाए, जहां पालकों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री रियायती दरों पर मिली। दुकानदारों ने आश्वासन दिया कि जो पालक मेले में शामिल नहीं हो सके, उन्हें 30 अप्रैल तक दुकानों पर विशेष छूट दी जाएगी। अध्यक्षीय उद्बोधन में तहसीलदार धाकड़ ने पुस्तक मेले की उपयोगिता बताते हुए अधिक से अधिक पालकों को इसका लाभ लेने की अपील की। वहीं मुख्य अतिथि एसडीओपी देशमुख ने स्कूल बसों के फि टनेस, बीमा, रजिस्ट्रेशन और चालकों के वैध लाइसेंस सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बसों में स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य बताते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने की बात कही। कार्यक्रम में करीब 200 से अधिक पालकों एवं बड़ी संख्या में स्कूल संचालकों की उपस्थिति रही। स्वागत भाषण प्राचार्य अल्पना राणा ने दिया। संचालन संजय देशमुख व आभार राकेश पांचाल ने व्यक्त किया।

### कृषि उपज मंडी तनोडिया में गेहूं समर्थन मूल्य खरीदी का श्री गणेश

# सरकार किसानों के साथ, हर एक किसान के गेहूं की होगी खरीदी- जैन







दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

प्रदेश के किसानों का हर तरह से कल्याण हमारी प्रतिबद्धता है। हमारी सरकार हर घडी किसानों के साथ है। हर एक किसान से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जाएगी, जो अब प्रारंभ किया जा रहा है। उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराने वाले सभी किसानों का गेहूं खरीदा जायेगा। उपार्जन प्रक्रिया में पहले छोटे किसानों का गेहूं खरीदा जाएगा। इसके बाद मध्यम एवं बड़े किसानों के गेहूं की खरीदी की जाएगी। स्लॉट बुकिंग वाले सभी किसानों का गेहूं चरणबद्ध रूप से खरीदा जाएगा।

उक्त उद्गार गौतम बुद्ध स्व सहायता समूह निहाल के आशा वेयर हाउस सारंगपुर पर गेहूं खरीदी के तोल कांटे का पूजन कर शुभारंभ करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री निर्मल जैन ने व्यक्त किए। श्री जैन ने कहा कि मप्र की राज्यमंत्री गौतमजी टेटवाल ने बिना भेदभाव के संपूर्ण विधानसभा में सभी प्रमुख स्थानों पर खरीदी करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बारदाने की कोई कमी नहीं है। सरकार सभी व्यवस्थाएं कर रही हैं। जैन ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए विशेष रूप से संवेदनशील है। गेहूं उपार्जन में बारदान की उपलब्धता निरंतर बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। गेहूं खरीदी में किसानों को किसी भी प्रकार से बारदाने की समस्या नहीं आने दी जाएगी। केंद्र सरकार, जूट कमिश्नर सहित अन्य बारदान प्रदाय एजेंसियों से बारदान आपूर्ति के लिए राज्य सरकार लगातार सम्पर्क बनाए हुए है। मप्र सरकार द्वारा किसानों के गेहूं पर चालीस रुपए बोनस देकर खरीदी प्रारंभ हो गई है। कृषकों का गेहूं सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदेंगी। इस अवसर अवसर पर पार्षद सुनील बागवान, केशरसिंह पटेल, लक्ष्मीनारायण लववंशी निहाल, लखन पुष्पद आदि उपस्थित थे।

**तनोड़िया**

वर्ष 26 -27 समर्थन मूल्य की खरीदी कृषि उपज मंडी तनोडिया में आज शाखा द्वारा गेहूं समर्थन मूल्य खरीदी का श्री गणेश किया गया। इस अवसर पर, भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधियों किसान संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं जिला कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव द्वारा सर्वप्रथम, विधिवत कांटा पूजन संस्था के गेहूं समर्थन मूल्य में प्रथम किसान अन्नदाता का पुष्पमाला एवं सरोपा बांधकर श्रीफल से उनका सम्मान कर कमलो द्वार किया गया। इस अवसर पर संस्था के अधिकारी कर्मचारी सम्माननीय अन्नदाता किसान उपस्थित रहे।

**महिदपुर रोड**

समर्थन मूल्य गेहूँ खरीदी पर 10 अप्रैल शुक्रवार से क्षेत्र की विभिन्न सहकारी समितियों द्वारा जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रारंभ गया है सेवा सहकारी संस्थाओं के प्रबंधकों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में झुटावद, गोगापुर, सगवाली, बरखेड़ा बुजुर्ग, तथा चितावाद सेवा सहकारी संस्थाओं द्वारा किसानों के गेहूं उपार्जन का कार्य संबंधित संस्थाओं को आवंटित वेयर हाउस में शुक्रवार को जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समारोह पूर्वक प्रारंभ किया गया।

गेहूं उपार्जन के कार्य के लिये समुचित व्यवस्था, वेयर हाउस तक गेहूं लेकर आने वाले किसानों की पेयजल तथा अन्य समुचित व्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार की शाम को एसडीएम कार्यालय महत्वपूर्ण में एस डी एम अजय हिंगे तथा तहसीलदार सृष्टि पाल ने संबंधित सेवा सहकारी संस्थाओं के प्रबंधकों की एक बैठक लेकर गेहूं खरीदी के कार्य को लेकर शासन प्रशासन के दिशा निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जिन किसानों के पास अपने गेहूं लेकर समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर पहुंचने के संदेश व्हाट् सएप पर एसएमएस के माध्यम से आये वे गुरुवार सुबह से ही अप ने ट्रै क्टर ट्रालियां लेकर आवंटित वेयर हाउसों पर पहुंच गये इस बार नगर के नागदा मार्ग स्थित गुरु कृपा वेयर हाउस क्षैत्र के अलावा दो अन्य स्थानों चितावद तथा बरखेड़ा बुजुर्ग सेवा सहकारी संस्थाओं के अंतर्गत आने वाले किसानों के गेहूं उपार्जन का कार्य इस वेयर हाउस में किया जायेगा।

### एचपीवी वैक्सीनेशन बेटियों के लिए सुरक्षा कवच- कविता शर्मा

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बालिकाओं और अभिभावकों को किया जागरूक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़




नगर के नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में सर्वाइकल कैंसर HPV टीकाकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व, उपयोगिता और सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

उक्त कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री कविता शर्मा ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि एचपीवी वैक्सीन बालिकाओं को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाने में अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह टीका सुरक्षित है और इसके कोई गंभीर साइड इफेक्ट नहीं होते हैं, इसलिए सभी पात्र बालिकाओं को समय पर टीकाकरण करवाना जरूरी है।विद्यालय प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की कुल 21 बालिकाएं टीकाकरण के लिए पात्र हैं। जिनमें से 6 बालिकाओं को अब तक वैक्सीन लगाई जा चुकी है। टीकाकरण करवाने वाली छात्रा निशा गुर्जर का विद्यालय परिवार द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया, जिससे अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिली।

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर नगर परिषद पार्षद मांगू बाई आर्य, जन शिक्षक राधेश्याम वर्मा, सिस्टर चेतना निगम, बी.ई. भगवान सिंह डगवाल, प्राचार्य कृष्ण चंद्र शर्मा, प्रधानाध्यापक राधेश्याम बरेठा सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में अभिभावक संतोष शर्मा राहुल बीजापारी और छात्राएं मौजूद रहीं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर टीकाकरण के लिए प्रेरित करना रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते एचपीवी वैक्सीन लगाई जाए तो इस गंभीर बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है।

## गो सम्मान आह्वान अभियान में महिलाओं-युवतियों की भागीदारी

**सुसनेर।** गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत क्षेत्र में महिलाओं और युवतियों द्वारा एक अनूठी पहल करते हुए गौ संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं ने अपने हाथों में मेहंदी रचाकर गो संरक्षण, गौ माता की रक्षा और सख्त गौ कानून बने जैसे संदेश लिखे, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे। इस दौरान महिलाओं ने बताया कि गौ माता भारतीय संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण प्रतीक है। जिसकी सुरक्षा और संरक्षण समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गौवंश की सुरक्षा को लेकर ठोस और प्रभावी कानून बनाए जाने की आवश्यकता है, जिससे गौ तस्करी और गौवंश पर हो रहे अत्याचारों पर रोक लगाई जा सके।अभियान से जुड़ी युवतियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और सोशल मीडिया व जनसंपर्क के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए गो संरक्षण के समर्थन में अपने विचार व्यक्त किए। गो सेवको ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अगले चरण में 27 अप्रैल को तहसीलदार को प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा, जिसमें गौ संरक्षण के लिए सख्त कानून बनाने और प्रभावी अमल सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी इस अभियान में भाग लेकर गौ माता की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हादसे के बाद चालक फरार, पुलिस जांच में जुटी**

**शुजालपुर।** शहर के मंडी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह



एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फ रार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान विष्णु प्रसाद परमार 55 वर्ष निवासी लसूडि?ा हेजम के रूप में हुई है। वह शुजालपुर से अपने गांव लौट रहे थे तभी नानियाखेड़ी के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें तत्काल शासकीय सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी से मिली सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मंडी थाना पुलिस के अनुसार हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक फ रार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत पनवाड़ी मंडल की कार्यशाला आयोजित



**शाजापुर।** प्रशिक्षण कार्यकर्ता को कार्यकुशल, आत्मविश्वास से भरपूर और वैचारिक रूप से परिपक्व बनाकर निपुणता प्रदान करता है। यह न केवल नई तकनीक व कौशलों से अवगत कराता है, बल्कि उत्पादकता, दक्षता और सांगठनिक समझ को बढ़ाकर लक्ष्य प्राप्ति में अहम भूमिका निभाता है। यह जमीनी स्तर पर सही तथ्य रखने में कार्यकर्ता को सक्षम बनाता है। यह बात भाजपा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी ने पनवाड़ी मंडल की सुनेरा में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकताओं को वैचारिक और संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाता है, जिससे वे बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होने कहा कि व्यवसायिकता काम में निपुणता, उत्पादकता और कार्यबल की सामूहिक दक्षता को बढ़ाता है। वहीं तकनीकी व व्यावहारिक ज्ञान, आईटी, बूथ प्रबंधन, और विषय-विशिष्ट ज्ञान से कार्यकर्ता को अपडेट किया जाता है। प्रभावी संवाद के माध्यम से कार्यकर्ता सरकार या संगठन की बात को जनता के बीच सही ढंग से रखने में समर्थ हो जाते हैं। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष मोहनसिंह जादौन सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वाद और तरावट के लिए रोजाना बढी मात्रा में खप रहा तरबूज

**सारंगपुर।** शहर में तरबूज की मांग में इजाफा हो गया है। गर्मी के साथ साथ क्षेत्र में तरबूज की मांग भी खूब बढ गई है। फल का राजा होने का दर्जा भले आम के नाम हो, लेकिन इस गर्मी में बेहतर सेहत के लिए तरबूज की जरूरत हर आम व खास को हो रही है। गर्मी में जहां आसमान से आग झरती रहती है, वहीं तरबूज शरीर में पानी की कमी को दूर करता है। ऐसे में शहर सहित क्षेत्र भर में तरबूज की मांग में इजाफा हो गया है। गर्मी बढते ही एकदम से तरबूज की आवक और मांग भी खूब बढ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों और मंडियों से तरबूज शहर में आ रहा है। फल विक्रेताओं के अनुसार इन दिनों शहर के बाजार में प्रतिदिन तरबूज की खपत हो रही है। बस स्टेंड के फ्रूट व्यापारी सलमान फ्रुट ने बताया कि थोक में यह 10 से 15 रुपए प्रति किलो और फुटकर में 15 से 20 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है।

## जीरापुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 8.77 ग्राम स्मैक जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जीरापुर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 8.77 ग्राम स्मैक जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जप्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 88 हजार रुपए बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में जिलेभर में नशे के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी धरमवीर नागर के मार्गदर्शन में थाना जीरापुर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

थाना प्रभारी आदित्य सोनी के नेतृत्व में 8 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सूचना पर घनश्याम बैरागी एवं संगीता बैरागी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 8.77 ग्राम स्मैक बरामद की गई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 108/26 के तहत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ कर स्मैक के स्त्रोत और नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। थाना प्रभारी आदित्य सोनी, निरीक्षक उमाशंकर मुकाती, उप निरीक्षक मोनिका राय, उप निरीक्षक फोरतेनुस कुजूर, उप निरीक्षक भूरी भील, उप निरीक्षक गुड्डु कुशवाह, सहायक उप निरीक्षक शादाब खान का सहयोग रहा।

# विश्व नवकार दिवस पर विश्व शांति के लिए महामंत्र के सामूहिक जाप का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के आव्हान पर को शाजापुर में स्थानीय पोरवाल जैन स्थानक में विश्व शांति और प्राणी मात्र के कल्याण हेतु नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, खतरगच्छ जैन श्री संघ अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन भंसाली,सकल जैन समाज अध्यक्ष सपन जैन, श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ अध्यक्ष लोकेंद्र नारेलिया, स्थानक ओसवाल जैन समाज अध्यक्ष लोकेश जैन बंटी, पोरवाल जैन समाज अध्यक्ष पीयूष मदनसिंह जैन, दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष शांतिलाल जैन, वरिष्ठ समाजजन नरेंद्र जैन,संजय जैन सीकेएस, विमल जैन, दिनेश जैन, सुरेश जैन, अरविंद जैन,मनोहर जैन, मनोज रामसणा,पारस जैन,डा अमृत जैन,सचिन कोठारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सकल जैन समाज महामंत्री अजीत जैन ने किया। इस अवसर पर विधायक भीमावद का समाजजनों द्वारा अभिनंदन भी किया गया। नवकार महामंत्र केवल जैन धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण का महामंत्र है। यह प्रेम, शांति और अहिंसा का



संदेश देता है, जिसे आज के युग में सभी को अपनाने की आवश्यकता है। नवकार महामंत्र का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व है, यह मंत्र सकारात्मक ऊर्जा, शांति ओर विश्व कल्याण का प्रतीक है। कई आत्माओं ने महामंत्र नवकार की आराधना से सिद्ध गति को प्राप्त किया। भगवान महावीर का अहिंसा परमो धर्म और जीयो और जीने दो का संदेश विश्व शांति एवं विश्व कल्याण के लिए आज भी प्रासंगिक है। उल्लेखनीय है विश्व में जो युद्ध के हालात बने थे, इसे देखते हुए जीतो द्वारा विश्व शांति और सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार के लिए नवकार महामंत्र के जाप के आयोजन करने का निर्णय लिया। आयोजन के एक दिन पहले ही युद्ध विराम हुआ। इस मौके पर विधायक अरुण भीमावद ने कहा जीतो के माध्यम से 108 देशों में नवकार मंत्र के जाप का आयोजन किया जा रहा है, अपने आप में यह सिद्ध मंत्र है, इस मंत्र के जाप से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। जैन समाज के कई आयोजनों में सम्मिलित हुआ हूं। जैन समाज इस राष्ट्र की आर्थिक रीढ़ की हड्डी है। जैन समाज हर क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आ रहा है। जीतो के आव्हान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी नवकार महामंत्र के कार्यक्रम में सहभागिता की। जीतो जेटीआर मनोज जैन ने बताया विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष में एक वैश्विक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शांति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करना है।

बॉक्स ऑफिस पर 'धुरंधर 2' अभी भी शानदार प्रदर्शन कर रही है। इस बीच अब फैंस को फिल्म के ओटीटी रिलीज का भी इंतजार है। जानिए कब और कहां रिलीज होगी 'धुरंधर 2'...

# सिनेमाघरों के बाद अब 'धुरंधर 2' के ओटीटी रिलीज का इंतजार

रणवीर सिंह की 'धुरंधरः द रिवेंज' रिलीज के 22 दिनों बाद भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म लगातार कमाई के नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है। लेकिन अगर अब तक आप सिनेमाघरों में फिल्म देखने से चूक गए हैं, तो अब आपके पास घर बैठे इसे देखने का मौका भी आने वाला है। क्योंकि सिनेमाघरों के बाद अब 'धुरंधर 2' ओटीटी पर रिलीज को तैयार है।



### जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम करेगी 'धुरंधर 2'

19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'धुरंधर 2' का फैंस ओटीटी पर आने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक मेकर्स ने फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट जारी नहीं की है। लेकिन फिल्म के प्रोमो और पोस्ट से ये पता चलता है कि 'धुरंधर 2' की स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म जियोहॉटस्टार पर होगी। पोस्टर में जियोहॉटस्टार का लोगो है, जिससे पता चलता है कि सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद फिल्म इस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी।

### मई-जून में ओटीटी पर दस्तक दे सकती है फिल्म

फिल्म तीसरे सप्ताह में भी सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर रही है। आमतौर पर फिल्में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने से पहले आठ सप्ताह तक सिनेमाघरों में चलती हैं। अगर 'धुरंधर 2' भी इसी पैटर्न का पालन करती है, तो जियोहॉटस्टार पर इसकी डिजिटल रिलीज मई के बीच में होने की उम्मीद है।

ओटीटी लॉन्च में एक या दो सप्ताह की देरी भी हो सकती है, जिससे रिलीज मई के आखिरी सप्ताह या जून की शुरूआत में हो सकती है। फिल्म को घर बैठे देखने का इंतजार कर रहे लोगों को फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट सामने आने का इंतजार है। 'धुरंधर 2' के सैटेलाइट राइट्स स्टार गोल्ड ने हासिल कर लिए हैं।

### भारत में 1000 करोड़ के पार हो चुकी है 'धुरंधर 2'

रिलीज के 22 दिनों के भीतर ही 'धुरंधर 2' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1041.27 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर लिया है। जबकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन में भी फिल्म लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है और 1,653.67 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर चुकी है।

# अनंत अंबानी के जन्मदिन पर लगे ब्लड डोनेशन कैंप में पहुंचीं शहनाज गिल



अभिनेत्री शहनाज गिल हाल ही में एक ब्लड डोनेशन कैंप में पहुंचीं। इस कैंप का आयोजन अनंत अंबानी के जन्मदिन के अवसर पर किया गया है।

नामी बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी का 10 अप्रैल को जन्मदिन है। मगर, इसका जश्न अभी से शुरू हो गया है। उनके जन्मदिन का आयोजन जामनगर में होने वाला है। तमाम फिल्मी हस्तियां भी इस सेलिब्रेशन में हिस्सा ले रही हैं। अंबानी परिवार सामाजिक कार्यों के लिए भी जाना जाता है। कोई भी मौका हो, वे समाज सेवा से पीछे नहीं हटते, लिहाजा लोग भी उन्हें खूब प्यार करते हैं। आज अनंत अंबानी के बर्थडे के मौके पर रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। यहां एक्ट्रेस शहनाज गिल भी पहुंचीं।

### अलग-अलग अंदाज में अनंत अंबानी का जन्मदिन मना रहे फैंस

अनंत अंबानी के जन्मदिन पर जामनगर में भव्य आयोजन हो रहा है। सेलेब्स पहुंच रहे हैं। अंबानी परिवार, खासकर अनंत अंबानी समाज सेवा से जुड़े काम भी खूब करते हैं। आज जब अनंत का जन्मदिन है, तो उन्हें चाहने वाले लोग देश के अलग-अलग हिस्सों में अपने-अपने अंदाज में उनका जन्मदिन मना रहे हैं। कही हवन हो रहा है, तो कहीं जरूरतमंदों को भोजन कराया जा रहा है। इसी कड़ी में रक्त दान शिविर भी आयोजित हुआ है। यहां शहनाज गिल भी नजर आईं।

### शहनाज के अंदाज ने जीता दिल

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में शहनाज गिल को ब्लड डोनेशन कैंप में जाते देखा जा सकता है। अभिनेत्री ने वहां लोगों को पुरस्कृत भी किया। इसके बाद उन्होंने फैंस से मुलाकात की और तस्वीरें क्लिक कराईं। शहनाज बड़ी विनम्रता के साथ लोगों से मिलीं। उनके इस अंदाज ने लोगों का दिल जीत लिया। ग्रीन कलर रेड ड्रेस में वे बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

### जामनगर में अनंत के जन्मदिन का जश्न

अनंत अंबानी का 10 अप्रैल को जन्मदिन है। अनंत के बर्थ डे सेलिब्रेशन में कई बॉलीवुड सितारे गुजरात के जामनगर पहुंच रहे हैं। शाहरुख खान से लेकर और रणवीर सिंह अनंत अंबानी के बर्थ डे सेलिब्रेशन में शिरकत कर रहे हैं। अनन्या पांडे, ओरी और शनाया पूर जैसे सेलेब्स भी जन्मदिन के जश्न में हिस्सा लेंगे।

# रश्मिका मंदाना को जन्मदिन पर पिता ने दिया उपहार, इमोशनल हुई एक्ट्रेस

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा मार्च महीने में ही शादी के बंधन में बंधे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना 30वां जन्मदिन भी मनाया है। शादी के बाद यह जन्मदिन उनके लिए खास है क्योंकि विजय पति के तौर पर उनके साथ हैं। वहीं रश्मिका के पिता ने भी एक कीमती उपहार जन्मदिन पर दिया है। यह उपहार इस वक्त चर्चा का विषय बन चुका है। जानिए, रश्मिका को पिता से उपहार में क्या मिला है।



### पिता ने उपहार में दिया करोड़ों का बंगला

रश्मिका मंदाना के जन्मदिन के जश्न को उनके पिता ने खास बना दिया। एक्ट्रेस के होमटाउन विराजपेट के पास एक खास पारिवारिक मिलन समारोह में उन्होंने घोषणा की कि वह अपनी बेटी को एक खूबसूरत बंगला तोहफे में दे रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स अनुसार विराजपेट के पास स्थित इस प्रॉपर्टी का नाम 'सेरेनिटी' रखा गया है।

### गिफ्ट पाकर रश्मिका हो गई इमोशनल

रश्मिका के पिता की घोषणा से परिवार का हर सदस्य खुश था। वहीं पिता से इतना प्यारा और कीमती उपहार पाकर रश्मिका मंदाना काफी इमोशनल हो गईं। सूत्रों के अनुसार रश्मिका की आंखें नम थीं। बाद में वह इस उपहार को पाकर खुश भी हुईं। अब वह अपने होमटाउन में रह सकेंगी और यहां पर नई यादें बना सकेंगी।

### रश्मिका मंदाना इन फिल्मों में आएंगी नजर

रश्मिका मंदाना अपने पति विजय देवरकोंडा के साथ एक फिल्म 'रणबाली' कर रही हैं। वहीं वह शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ 'कॉकटेल 2' में भी नजर आएंगी। हाल ही में इस फिल्म के पोस्टर रिलीज हुए, जिसमें रश्मिका का लुक भी रिवील हुआ।




अफगानिस्तान और भारत के बीच जून में एक टेस्ट मैच की सीरीज होनी है। लेकिन इससे पहले अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान ने संकेत दिए हैं कि वह इस मैच का हिस्सा नहीं बन पाएंगे।

# भारत के खिलाफ टेस्ट मैच से बाहर रह सकते हैं राशिद खान, क्यों लाल गेंद प्रारूप से बना रहे दूरी?

अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने भारत के खिलाफ जून में होने वाले एकमात्र टेस्ट में खेलने पर संदेह जताया है। उनका कहना है कि लाल गेंद क्रिकेट उनकी लंबी करियर की संभावनाओं के लिए जोखिम भरा हो सकता है। राशिद फिलहाल आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अफगानिस्तान को जून में न्यू चंडीगढ़ में भारत के खिलाफ टेस्ट मैच खेलना है, लेकिन राशिद ने स्वीकार किया कि इस मैच में उनके खेलने की संभावना कम है।



### राशिद बोले- डॉक्टर ने टेस्ट प्रारूप से दूर रहने की दी है सलाह

राशिद ने कहा, मैं पहले भी एक टेस्ट खेल चुका हूं। मैं बस आराम से खेलूंगा। मैं नहीं चाहता कि मेरी पीठ में कोई इंजरी हो। मैं 100 टेस्ट मैच नहीं खेल सकता। लाल गेंद प्रारूप का क्रिकेट थोड़ा मुश्किल है क्योंकि मेरे डॉक्टर ने मुझसे कहा था कि इससे दूर रहो। फिर भी मैंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 67 ओवर फेंके, जिससे डॉक्टर हैरान रह गए। वनडे क्रिकेट मुझे पसंद है और मेरा ध्यान इस फॉर्मेट पर है। मैं इसमें लंबे समय तक खेल सकता हूं। लाल गेंद क्रिकेट को सीमित रखना पड़ेगा। साल में एक टेस्ट है तो मैं उसे खेल लूंगा, लेकिन उससे ज्यादा मैनेज करना मुश्किल होगा।

राशिद ने कहा कि अगर वह टीम का हिस्सा हैं तो उन्हें पूरे दिन गेंदबाजी करनी पड़ेगी। राशिद ने कहा, 'मुझे सावधानी बरतना है और खुद को वनडे विश्व कप के लिए तैयार करना है।' दिग्गज लेग स्पिनर के बयान से स्पष्ट हो गया है कि भविष्य में वह अपना फोकस वनडे पर रखना चाहते हैं। राशिद ने अब तक अफगानिस्तान के 12 टेस्ट में सिर्फ छह में हिस्सा लिया है और आखिरी बार जनवरी 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो में खेला था। 2023 वनडे विश्व कप के बाद उनकी पीठ की सर्जरी ने लाल गेंद क्रिकेट में उपलब्धता सीमित कर दी है।

# धीमी ओवर गति के लिए गुजरात के कप्तान शुभमन गिल पर हुई कार्रवाई, लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए कार्रवाई की गई है। गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। गुजरात ने दिल्ली के खिलाफ रोमांचक मुकाबला एक रन से अपने नाम किया था। गुजरात की मौजूदा आईपीएल सीजन में यह पहली जीत है। लेकिन अब गुजरात के कप्तान पर जुर्माना भी लग गया है।



आईपीएल ने एक बयान में कहा, गुजरात के कप्तान गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के 14वें मैच में धीमी ओवर गति को लेकर जुर्माना लगाया गया है। यह मौजूदा सीजन में टीम आईपीएल की आचार संहिता 2.22 का पहला उल्लंघन था जिस कारण उन पर न्यूनतम कार्रवाई की गई है। इसी कारण गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### गुजरात की करीबी जीत

प्रसिद्ध कृष्णा की अंतिम ओवर में की गई शानदार गेंदबाजी और डेविड मिलर की एक गलती से गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 के मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को एक रन से हराया। गुजरात की आईपीएल में रनों से लिहाज से ये सबसे कम अंतराल से जीत है। बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में गुजरात ने 20 ओवर में चार विकेट पर 210 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 209 रन ही बना सकी।

दिल्ली की टीम आईपीएल में पहली बार एक रन से नहीं हारी है। यह चौथी बार है जब टीम को एक रन के अंतराल से हार मिली है। दिल्ली कैपिटल्स को इससे पहले 2015 में चेन्नई सुपर किंग्स, 2016 में गुजरात लायंस और 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों एक रन से हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के अलावा किसी टीम ने एक रन के अंतराल से इतने मैच नहीं गंवाए हैं।


**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्कता हैं**
उद्योगपुरी क्षेत्र हेतु सिक्योरिटी गार्ड, चौकीदार, हाउस कीपर, कंप्यूटर ऑपरेटर
संपर्क उज्जैनः
9893374872

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### फर्स्ट बटालियन के फ्लैट में फंदे पर लटकी मिली महिला आरक्षक, हालत गंभीर

**इंदौर।** फर्स्ट बटालियन में रहने वाली एक महिला आरक्षक ने गुरुवार को आत्महत्या की कोशिश की। महिला अपने फ्लैट में फंदे पर लटकी मिली। रात में परिजन ने उसे देखा तो नीचे उतारकर निजी अस्पताल ले गए। फिलहाल महिला पुलिसकर्मी आईसीयू में भर्ती है और बयान देने की स्थिति में नहीं है। सदर बाजार पुलिस के मुताबिक, महिला का नाम रूचि, पति पंकज है। वह अपने पति के साथ फर्स्ट बटालियन में रहती है। सदर बाजार पुलिस को रात करीब 11 बजे गोकुलदास अस्पताल से सूचना मिली। हालांकि रूचि अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। उनके पति पंकज भी क्राइम ब्रांच में पदस्थ हैं। रूचि ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पंकज के भी इस मामले में अभी बयान नहीं हो सके हैं। पुलिस के मुताबिक रूचि और पंकज ने लव मैरिज की थी। दोनों के एक बेटा और एक बेटी है।

### निर्माणाधीन मकान में सुरक्षा की कमी, मंजिल से गिरकर ढाई साल की बच्ची की मौत

**इंदौर।** कनाडिया क्षेत्र में ढाई साल की बच्ची की पहली मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई। हादसे के समय उसकी मां निर्माणाधीन मकान में सफाई कर रही थी। बच्ची खेलते-खेलते बालकनी तक पहुंच गई और नीचे गिर गई। कनाड़िया पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, गोल्फ लिंक सिटी निवासी प्रियांशी (ढाई साल) पुत्री कल्याण कुशवाह 5 अप्रैल को निमार्णाधीन मकान की पहली मंजिल से गिर गई थी। गंभीर हालत में उसे पहले अरबिंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो दिन इलाज के बाद परिजन उसे एमवाय अस्पताल ले गए, जहां गुरुवार रात करीब 12 बजे उसकी मौत हो गई। पिता कल्याण कुशवाह ने बताया कि वे पत्नी के साथ एक डॉक्टर के निर्माणाधीन मकान में चौकीदारी करते हैं। घटना के समय उनकी पत्नी पहली मंजिल पर सफाई कर रही थी। पास में छोटा बेटा लेटा था, जबकि प्रियांशी खेलते-खेलते मुंडेर तक पहुंच गई। मकान में सुरक्षा जाली नहीं होने के कारण वह सीधे नीचे गिर गई। परिवार मूल रूप से ललितपुर का रहने वाला है और करीब 6 साल पहले इंदौर आया था। कुछ महीने पहले ही उन्हें इस निर्माणाधीन मकान में चौकीदारी का काम मिला था। घटना के समय पिता काम से बाहर गए हुए थे।

### नवलखा में एक्टिव गैंग का पर्दाफाश गाड़ियां चुराने वाला गिरोह पकड़ा

**इंदौर।** संयोगितागंज पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजगढ़ के रहने वाले हैं और शहर के नवलखा क्षेत्र में लगने वाले हाट बाजार को निशाना बनाते थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी हाट बाजार में भीड़ का फायदा उठाकर मौका देखकर लोगों की गाड़ियां चुरा लेते थे और फिर फरार हो जाते थे। हाल ही में पुलिस ने हाट बाजार से एक आरोपी को पकड़ लिया था। पूछताछ में उसने अपने दो साथियों के नाम बताए, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि चोरी की गाड़ियों को वे राजगढ़ ले जाकर सस्ते दामों में बेच देते थे। पकड़े गए आरोपियों में अनवर सहित उसके दो अन्य साथी विशाल और जीवन शामिल हैं। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर अन्य वारदातों और खरीदारों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### नाबालिग युवती ने एसिड पीकर किया आत्महत्या का प्रयास

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय नाबालिग युवती ने एसिड पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। अस्पताल में दिए बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी राम सोलंकी के खिलाफ धमकी और आत्महत्या के लिए उकसाने का एक और मामला दर्ज किया है। घटना के बाद युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान दिए गए बयान में उसने आरोपी द्वारा धमकाने की बात कही, जिसके बाद पुलिस ने नया केस दर्ज किया। पीड़िता ने बताया कि 18 फरवरी को आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की थी और बात नहीं करने पर धमकी दी थी। इस मामले में पहले ही पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने पहले दर्ज मामले को वापस लेने के लिए उसे दोबारा धमकाया और जान से मारने की बात कही। धमकी से परेशान होकर युवती ने बाथरूम में जाकर एसिड पी लिया। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज जारी है। परिवार की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। बाणगंगा पुलिस आरोपी राम सोलंकी की तलाश कर रही है।

### 18 .85 लाख की मशीनरी धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपियों पर केस दर्ज

**इंदौर।** लसूडिया पुलिस ने एक कंपनी से जुड़े दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पीड़ित के मुताबिक आरोपी उसका ट्रैक्टर, ट्रॉली और अन्य सामान सिलीगुड़ी ले गए और किराया तय होने के बाद 18.85 लाख रुपए का सामान वापस नहीं किया। पुलिस ने जांच के बाद मामले में एफआईआर दर्ज की है। लसूडिया पुलिस ने अनिरुद्ध डेहरिया निवासी महालक्ष्मी नगर की शिकायत पर प्रवीण पुत्र अरुण कुमार होता निवासी कुदरिया मेहताब नगर जटनी और एनिक कुमार पुत्र संजीव कुमार सरकार निवासी निजानपुरा, वेस्ट बंगाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अनिरुद्ध ने अपनी शिकायत में बताया कि अप्रैल 2023 में उसका दोनों से एग्रीमेंट हुआ था, जिसमें एचडीडी मशीन, कंटेनर, ट्रैक्टर, ट्रॉली और टैंकर के साथ कुछ मशीनरी दी गई थी, जिनका अलग-अलग किराया तय किया गया था। सिलीगुड़ी में केबल डालने का काम बताया गया था, लेकिन दो महीने बाद एनिक कुमार सरकार ने फोन कर जानकारी दी कि भुवनेश्वर में कंपनी द्वारा केबल डालने का काम किया जा रहा है और सभी मशीनें वहां भेज दी गई हैं।

### महिला आरक्षक को ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, पुलिस तलाश में जुटी




**इंदौर।** इंदौर के पाटनीपुरा इलाके में एक महिला आरक्षक को ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घायल आरक्षक ने मेडिकल कराया, लेकिन फिलहाल एफआईआर दर्ज नहीं कराई है और थाने में आवेदन दिया है। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के पाटनीपुरा में विजयनगर थाने में पदस्थ महिला आरक्षक राजमोहिनी (निवासी जनता क्वार्टर) अपनी मां का चेकअप कराने के बाद उन्हें घर छोड़ने जा रही थीं। इसी दौरान एक ई-रिक्शा चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद आसपास के लोगों ने राजमोहिनी को उठाया, जबकि ई-रिक्शा चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर परदेशीपुरा पुलिस ने रात में उनका मेडिकल कराया। टीआई आरडी कानवा के अनुसार, आरक्षक को गंभीर चोट नहीं आई है। मेडिकल के बाद वे अपनी ड्यूटी पर लौट गईं। पुलिस के मुताबिक, महिला आरक्षक ने फिलहाल आवेदन दिया है। टक्कर मारने वाले ई-रिक्शा चालक की तलाश की जा रही है।

### वंदे मातरम् विवाद के बाद कहा- विधानसभा चुनाव निर्दलीय लड़ूंगी, कांग्रेस-बीजेपी को हरा सकती हूं...

# रुबीना बोलीं- कांग्रेस को कदर नहीं, एआईएमआईएम से बुके आया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

नगर निगम के बजट सत्र में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को लेकर शुरू हुआ विवाद धर्म बनाम राष्ट्रवाद के साथ ही अब राजनीतिक रूप ले चुका है। बीजेपी-कांग्रेस के बाद अब असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) भी इस मुद्दे को लेकर मैदान में कूद गई है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया है कि रुबीना खान हमारे संपर्क में हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के बड़े नेताओं से बातचीत चल रही है।

रुबीना से जब सवाल किया गया कि कांग्रेस ने उनके बयान से किनारा कर लिया है तो वह यह सुनते ही भड़क गईं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाड़ में जाए। ऐसे जब भी मौके आते हैं तो कांग्रेस पल्ला झाड़ लेती है। कांग्रेस पार्टी सिर्फ मुसलमानों का वोट लेने के लिए है। कांग्रेस से कोई अनुबंध थोड़ी न करा रखा है। हम ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम में चले जाएंगे। रुबीना ने आगे यह बयान भी दिया है कि कांग्रेस पार्टी जो भी निर्णय लेगी, मुझे स्वीकार होगा। रखेंगे तो ठीक, नहीं रखेंगे या निकाल देंगे तो भी कोई बात नहीं। मैं हर फैसले के लिए तैयार हूं। मुझे अपने नसीब और ऊपर वाले पर भरोसा है। हो सकता है कि मैं विधानसभा चुनाव लड़ूं और अगर लड़ूंगी तो निर्दलीय लड़ूंगी। मैं खुद नहीं जीत पाई तो सामने वाले को हराने की क्षमता जरूर रखती हूं। चाहे वह कांग्रेस हो या बीजेपी। रुबीना ने कहा कि कांग्रेस से बाहर निकालने वाले चिंटू चौकसे होते कौन हैं। यह उनकी नहीं राहुल गांधी की पार्टी है। मुझे पीसीसी से लेटर आएगा तो बात रखूंगी। मुझे तो ओवैसी की पार्टी से न्योता आ गया है।



#### एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन बोले- हम उनके समर्थन में

- एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली ने बताया कि रुबीना और फौजिया शेख अलीम के बयान का हमारी पार्टी समर्थन करती है। रुबीना हमारे संपर्क में हैं। उनका हमारी पार्टी में स्वागत है। हमारी पार्टी के अंदर ओवैसी साहब सबको बराबरी, समानता, इंसाफ की बात करते हैं। जो आना चाहे, उनका हम स्वागत करते हैं। पार्टी उनसे पहले से संपर्क में है।
- पार्टी जल्द ही उनकी जॉइनिंग कराएगी। इनके अलावा कई पार्षद हैं जो हमारे संपर्क में हैं। कांग्रेस के अन्य कई बड़े नेता भी हमारे संपर्क में हैं। इंदौर, भोपाल, जबलपुर, खरगोन और खंडवा के साथ ही अन्य एक दो शहरों के कांग्रेस पदाधिकारी संपर्क में हैं। मोहसिन अली ने कहा कि बीजेपी का कोई नेता हमारे संपर्क में नहीं है। कारण है कि बीजेपी की विचारधारा और हमारी विचारधारा अलग है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस में खींचतान काफी लंबे समय से चल रही है। वह खुलकर बाहर नहीं आ रही थी, लेकिन यह खुलकर सामने आ चुकी है। अब कांग्रेस में दो धड़े हो चुके हैं।

### इंदौर में एसजीएसआईटीएस के पूर्व परीक्षा नियंत्रक की अनोखी मांग

## पद से हटाने पर मांगी कक्ष के बाहर मृत्यु की अनुमति

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

श्री गोविंदराम सेकसरिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एसजीएसआईटीएस) में पिछले कई महीनों से चल रहे प्रशासनिक गतिरोध और रिजल्ट में देरी को लेकर आखिरकार कार्रवाई की गई है।

संस्थान के परीक्षा नियंत्रक प्रो. लीलाधर मालवीय को पद से हटा दिया गया है और उनकी जगह प्रो. स्मिता वर्मा को नया एग्जाम कंट्रोलर नियुक्त किया गया है। पद से हटाए जाने की सूचना मिलने के बाद मालवीय ने एसजीएसआईटीएस के डायरेक्टर के सामने एक अनोखी मांग रख दी। डायरेक्टर को लिखे पत्र में लीलाधर मालवीय ने कहा कि उन्हें आपके केबिन के बाहर मृत्यु की अनुमति दी जाए। यह मांग उन्होंने पद से हटाए जाने के बाद की है।



बताया जा रहा है कि प्रो. मालवीय पर संस्थान के इंटरनल व्हाट्सएप ग्रुप में सीनियर प्रोफेसरों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के आरोप हैं। उन्होंने सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर संस्थान विरोधी कमेंट्स किए और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। इसी के चलते अनुशासनहीनता और प्रोटोकॉल उल्लंघन के आधार पर कॉलेज प्रबंधन ने उनके खिलाफ कार्रवाई की है। मामले में प्रो. मालवीय का पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने इस पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

**जांच के लिए गठित की गई विशेष कमेटी-** पूरे मामले की जांच के लिए डायरेक्टर ने एक उच्च स्तरीय समिति बनाई है। इस समिति में संस्थान के बाहर के दो आईटी विशेषज्ञ प्रोफेसरों को शामिल किया गया है। कमेटी सॉफ्टवेयर अपडेट और डाटा हैंडलिंग में हुई गड़बड़ी के आरोपों की भी जांच करेगी। जीएसआईटीएस कॉलेज में एक ओर जहां पूर्व एग्जाम कंट्रोलर ने मृत्यु की अनुमति की मांग की है, वहीं दूसरी ओर कॉलेज परिसर में एनएसयूआई का प्रदर्शन जारी है। छात्र संगठन फीस बढ़ोतरी के विरोध में आंदोलन कर रहा है।

## युवा कांग्रेस के जोनल इंचार्ज घोषित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर




भारतीय युवा कांग्रेस ने मध्यप्रदेश प्रदेश उपाध्यक्षों को जोनल इंचार्ज बनाते हुए विभिन्न जिलों का प्रभार सौंपा है। 7 नेताओं की इस लिस्ट में सिर्फ दो महिला प्रभारी बनाई गईं हैं। इस सूची के जारी होते ही संगठन के भीतर असंतोष के स्वर उभरने लगे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष स्वीटी पाटिल ने एक वीडियो जारी कर नेतृत्व पर महिलाओं की अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया है।

युवा कांग्रेस से जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्षों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी दी गई है । इस लिस्ट में स्वीटी पाटिल को रतलाम और आगर जिले का प्रभार दिया है। स्वीटी पाटिल ने कहा अभी जो लिस्ट आई है उसको देखते हुए ऐसा लग रहा है कि बोला कुछ और जा रहा है किया कुछ और जा रहा है। अभी भोपाल में हमारे राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा आए थे। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों और आरक्षण की बात कही थी, ओबीसी की बात कही थी। तब मुझे बड़ी खुशी मिली थी।

## प्रॉफिट दिलाने के नाम पर 36 लाख ठगे

### ठगी के मामलों में हुई एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

संयोगितागंज पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के मामलों में एफआईआर दर्ज की है। पहला मामले में आरोपी ने कंपनी में प्रॉफिट दिलाने के नाम पर लाखों रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए।

पुलिस के अनुसार, यश सिलावट निवासी श्रीनंदानंद मार्ग से अक्टूबर 2022 में आशीष चौधरी ने संपर्क किया। उसने ड्रीम व्यूअर कंपनी में निवेश के नाम पर करीब 36 लाख रुपए ले लिए। आरोपी ने हर महीने 4 लाख रुपए का प्रॉफिट देने का झांसा दिया था। रकम लेने के बाद आरोपी और उसके साथियों ने फोन उठाना बंद कर दिया। सोशल मीडिया के जरिए दोनों की पहचान हुई थी। आरोपियों ने अलग-अलग बैंक अकाउंट्स के जरिए कई किश्तों में यह रकम ट्रांसफर करवाई। यश की शिकायत पर आशीष और अन्य अकाउंट होल्डर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### डिटेक्टिव एजेंसी से सामने आया कनेक्शन, एटीएस कर रही पूछताछ

## सीडीआर बेचने के शक में 2 पुलिसकर्मियों से पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) बेचने के संदेह में एटीएस ने क्राइम ब्रांच के दो पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। दोनों को नोटिस देकर बुलाया गया था। पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया है, हालांकि आगे भी जरूरत पड़ने पर मुख्यालय बुलाया जा सकता है।

जानकारी के मुताबिक एक डिटेक्टिव एजेंसी संचालक की जांच के दौरान कुछ संदिग्ध नंबर सामने आए। इसी कड़ी में एटीएस को पता चला कि एएसआई राम और सिपाही रविंद्र का एजेंसी से संपर्क रहा है।

सूत्रों के अनुसार, दोनों पुलिसकर्मियों को नोटिस दिए गए थे, लेकिन समय पर पेश नहीं होने पर कर्नाटक एटीएस की टीम इंदौर पहुंची। गुरुवार शाम रवींद्र से पूछताछ की गई और बाद में उसे छोड़ दिया गया। वहीं एएसआई राम किसी मामले में बाहर होने के कारण शुक्रवार को भोपाल स्थित एटीएस कार्यालय में पेश होंगे।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों का संपर्क डिटेक्टिव एजेंसी संचालक मुकेश तोमर से था। आशंका जताई जा रही है कि आम लोगों की सीडीआर मोटी रकम लेकर बेची जा रही थी। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि यह सामान्य पूछताछ है। दोनों पुलिसकर्मी की पहले भी इस मामले में जांच कर चुके हैं, क्योंकि उनके नंबर संदिग्धों के मोबाइल में मिले। फिलहाल किसी गिरफ्तारी की बात नहीं है।

























स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com